रीवा
30 मई 2025 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित


सूर्यवंशी के रिकॉर्ड ...
@ पेज 7

# पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में 31 मई को होगी मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मई को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले इसे 29 मई को किया जाना था लेकिन प्रशासनिक कारणों से स्थगित करना पड़ा था। अब

**● 31 मई को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल**

मॉक ड्रिल का आयोजन 31 मई को होगा। यह मॉक ड्रिल जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित पाकिस्तान की सीमा से लगे सभी पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल का आयोजन इसलिए कराया जा रहा है ताकि भविष्य में दुश्मन मुल्क की ओर से होनेवाले हमलों को लेकर नागरिक सतर्क रहें। मॉक ड्रिल एक तरह का अभ्यास है जिसमें लोगों को इमरजेंसी के हालात से निपटने के बारे में जानकारी दी जाती है। लोगों यह बताया जाता है कि अगर किसी तरह का हमला हो या आपदा की स्थिति आए तो आम लोगों को कैसे अपना बचाव करना चाहिए। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच करीब 3300 किमी लंबा बॉर्डर है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात की सीमा पाकिस्तान से लगती है। बता दें कि नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 19 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय ने 31.05.2025 को देश की पश्चिमी सीमा से सटे राज्यों के सभी जिलों में दूसरा नागरिक सुरक्षा अभ्यास ऑपरेशन शील्ड÷ आयोजित करने का फैसला लिया है।

7 मई को हुए मॉक ड्रिल में पाई गई थी खामियां

इससे पहले 07 मई को आयोजित प्रथम नागरिक सुरक्षा अभ्यास के दौरान देश के संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा तैयारियों में गंभीर खामियां पाई गई थीं। इन खामियों के समाधान के लिए दूसरे नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन कराया जा रहा है। बता दें कि पहले मॉक ड्रिल के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया था।

इस अभ्यास में सिविल डिफेंस वार्डन, रजिस्ट्रड स्वयंसेवक और राष्ट्रीय कैडेट कोर , राष्ट्रीय सेवा योजना , नेहरू युवा केंद्र संगठन और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित युवा संगठन शामिल होंगे। मॉक ड्रिल के दौरान युद्ध की स्थिति में कैसे नागरिकों को अपना बचाव करना है इसके बारे में जागरुक किया जाएगा। इस दौरान युद्ध के सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा।

**ब्लैकआउट के दौरान क्या करें, क्या नहीं:**किसी भी बिल्डिंग में कोई रोशनी नहीं होनी चाहिए, अगर हो तो उसे अपारदर्शी चीजों से ढक देना चाहिए। किसी चमकदार लाइट बिल्डिंग के छत वाले हिस्से के बाहर दिखाई नहीं देनी चाहिए।बिल्डिंग या उसके किसी भी हिस्से के बाहर ऊपर की ओर कोई चमक नहीं होनी चाहिए। किसी भी बिल्डिंग के बाहर सजावट या विज्ञापन के लिए कोई रोशनी नहीं होनी चाहिए।

ब्लैकआउट के दौरान कार में लगने वाली सभी लाइट्स को स्क्रीन किया जाना चाहिए, जिनसे बीम निकलती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत के साथ इंडोनेशिया भी दहाड़ा

**जकार्ता (एजेंसी)।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाने के बाद भारत ने दुनिया के कई देशों में सर्वदलीय सांसदों का डेलीगेशन भेजा है। इस कड़ी में एक भारतीय डेलीगेशन इंडोनेशिया भी पहुंचा। इंडोनेशिया ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े रुख का जबरदस्त समर्थन किया है। इंडोनेशिया की नेशनल मैंडेट पार्टी (पीएएन) के नेताओं ने भारत के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए बृहस्पतिवार को भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ''आतंकवाद फैलाने के लिए धर्म और जाति को आधार नहीं बनाया जा सकता''। इंडोनेशिया का यह आह्वान सुनकर निश्चित रूप से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगेगा। भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया में मित्र देशों के स्थानीय राजदूतों से मुलाकात की। मित्र देशों के राजनयिकों ने सभी रूपों में आतंकवाद की कड़ी निंदा की और इस खतरे का



मुकाबला करने के लिए एकजुट वैश्विक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को दोहराया। जनता दल (यू) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल, आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के बारे में नयी दिल्ली के स्पष्ट रुख से स्थानीय नेताओं और राजनयिकों, थिंक टैंक और मीडिया को अवगत कराने के मिशन के साथ यहां आया है। जकार्ता में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के भारत के रुख पर विचार साझा किए।'' पोस्ट में यह भी कहा गया, ''पीएएन पार्टी नेतृत्व ने भारत के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पीएएन नेताओं ने बताया कि वे भारत के साथ एकजुट खड़े हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद फैलाने के लिए धर्म और जाति को आधार नहीं बनाया जा सकता।''

### जोरदार झटकों से फिर हिली पाकिस्तान की धरती

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठा। बृहस्पतिवार को सुबह देश के विभिन्न हिस्सों में 4.4 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। अचानक हिलती धरती के कारण कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों की ओर भागे। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन लोगों के बीच भय और चिंता स्पष्ट रूप से देखी गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई शहरों में लोग नमाज़ के वक्त मस्जिदों में थे, जब ज़मीन हिलने लगी। डर के मारे लोग



बाहर आ गए और कुछ देर तक खुले मैदानों में डटे रहे। पाकिस्तान में पिछले कुछ दिनों से बार-बार भूकंप के झटके आ रहे हैं। विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के पहाड़ी इलाकों में भूकंपीय गतिविधियाँ लगातार देखी जा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान एक सक्रिय टेक्टोनिक ज़ोन पर स्थित है, जहाँ भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराव के कारण बार-बार भूकंप आते हैं।

## 'पढ़ाई के तनाव के चलते इंजीनियरिंग की छात्रा ने की आत्महत्या'



**कोडागु (एजेंसी)।** कर्नाटक के कोडागु जिले के सीईटी कॉलेज के हॉस्टल में इंजीनियरिंग की छात्रा की ने सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार, पोन्नमपेट के हल्लिगट्टू सीईटी कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआईएमएल) की प्रथम वर्ष की छात्रा तेजस्विनी (19) ने बुधवार को अपने हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली। इंजीनियरिंग की छात्रा तेजस्विनी रायचूर निवासी महंतप्पा की इकलौती बेटी थी। सूत्रों के अनुसार, उसने हाल ही में तीन दिन पहले अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और बुधवार को उन लोगों को फिर से मिठाई बांटी थी जो पहले के जश्न में शामिल नहीं हो पाए थे। वह क्लास लेने के बाद शाम करीब 4 बजे हॉस्टल लौटी थी। लगभग 4ः30 बजे उसकी एक सहपाठी ने देखा कि उसका दरवाजा अंदर से बंद था। बार-बार पुकारने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मामले की सूचना तुरंत छात्रावास के पर्यवेक्षक को दी गई। दरवाजा खोलने पर तेजस्विनी बेहोश पाई गई। छात्रा की मौत मौके पर ही हो चुकी थी। इसके बाद छात्रा के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। तेजस्विनी के कमरे से कथित तौर पर एक सुसाइड नोट मिला है। छात्रा ने लिखा है कि वह पढ़ाई के दबाव के कारण यह कदम उठा रही है। छात्रा ने सुसाइड नोट में छह बैकलॉग और पढ़ाई जारी रखने की अनिच्छा का उल्लेख है। तेजस्विनी ने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह छह बैकलॉग्स के कारण बहुत ही तनाव थी। वह अब पढ़ाई जारी रखना नहीं चाहती। इस कारण वह सुसाइड कर रही है। मामले की सूचना के बाद पोन्नमपेट पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटी की मौत से परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सीएम मोहन यादव का बड़ा ऐलान

## लाडली बहनों को हर महीने मिलेंगे 3000 रुपए, पांच साल के भीतर मिलेगी मदद

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि राज्य नें लाडली बहनों को 5 साल के अंदर 3000 रुपये महीने दिए जाएंगे। बुधवार को सारणी के पाथाखेड़ा में आयोजित महिला स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम में सीएम मोहन यादन ने या बात कही है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश की सरकार धीरे-धीरे करके 5 साल में 3000 रुपये महीना लाडली बहनों को देगी।

महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने कहा ÷हमारी सरकार ने जब से सरकार बनी है, जब चुनाव था तब लाडली बहनाओं के लिए 1000 रुपये दिए, पिछले साल 1230 रुपये दिए और आगे आने वाले समय में और बढ़ते जाएंगे। कांग्रेस कह रही है कहां से देंगे पैसे। आप और चिंता मत करना, धीरे-धीरे करते-करते 5 साल में 3000 रुपये महीना बहनों को दिया जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री बैतूल जिले के सारणी में स्वयं सहायता समूह



के कार्यक्रम में पहुंचे थे जहां उन्होंने 464 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा- ÷हमारी बहन बेटी की संस्कृति है, माता बहनों की संस्कृति है। आपका आशीर्वाद मिलता रहे तो हमारे लिए यही पर्याप्त है। स्वयं सहायता माध्यम से पीएम मोदी कह रहे थे कि लखपति योजना में हमारी बहनों की आमदनी एक लाख हो जाए, इसके लिए हमारी सरकार काम कर रही है। 350 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह इसी पर काम कर रहे हैं। धीरे-धीरे करके रेडीमेड गारमेंट फैक्ट्री लग रही है, बहनों को वहीं रहना है। 5000 सरकार देगी, 8000 फैक्ट्री मालिक देगा, 13000 रुपये महीने में बहनें काम करेंगी।

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा- ÷आज एमपी में स्कूल जाओ किताब कॉपी फ्री, दूर है साइकिल फ्री, मेरिट में आए बच्चों को स्कूटी फ्री, विदेश में जाए तो छात्रवृत्ति 1 लाख से लगा करके एक करोड़ तक भी लगे तो सब सरकार देने को तैयार है।

## 'तेजस्वी यादव के साथ तालमेल संभव नहीं'

**बिहार (एजेंसी)।** बिहार में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक तैयारियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक गठजोड़ से लेकर पुराने साथी और विरोधियों तक को साथ लाने की कोशिशें की जा रही हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बड़ा बयान जारी किया है।



चिराग ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में राजद के साथ नहीं जाएंगे। दरअसल, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को कहा है कि राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ उनका तालमेल संभव नहीं है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और तेजस्वी यादव के बीच बिहार के नवादा जिले में मुलाकात हुई थी। इसके बाद राजनीतिक अटकलों का दौर शुरू हो गया था। हालांकि, इस पर चिराग ने कहा- ÷मेरे और तेजस्वी के बीच हमारे पिताओं के समय से पारिवारिक संबंध हैं। हम सामाजिक रूप से बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, हमारे बीच वैचारिक मतभेद बहुत ज्यादा हैं। इसलिए ये तालमेल को असंभव बनाते हैं। अगर ऐसा संभव होता तो हम हम 2020 के विधानसभा चुनावों में ही साथ आ जाते। मैंने तब बिना किसी गठबंधन का हिस्सा बने चुनाव लड़ने का फैसला किया था।''

## पाकिस्तान की गोलीबारी से प्रभावित पुंछ और अन्य इलाकों को दें राहत पैकेज

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के सीनियर नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी से पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के पुंछ और अन्य सभी इलाकों के लिए राहत और पुनर्वास पैकेज देने की मांग की है।



पिछले शनिवार को राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ का दौरा किया था और प्रभावित लोगों के साथ समय बिताया था। इनमें वे परिवार भी शामिल थे जिन्होंने 7 मई से 10 मई के बीच सीमा पार से हुए हमलों में अपने सदस्यों को खो दिया था। राहुल गांधी ने गोलाबारी से प्रभावित गुरुद्वारा सिंह सभा, मंदिर गीता भवन और मदरसा जिया-उल-उलूम का भी दौरा किया और क्राइस्ट हाई स्कूल में छात्रों से बातचीत की। पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में गांधी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए थे।

## भोपाल में मोदी की यात्रा को लेकर हाई अलर्ट

### महिलाएं संभालेगी सुरक्षा कमान

**भोपाल (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 31 मई को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का दौरा करने जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे को देखते हुए भोपाल हाई अलर्ट पर है। पीएम मोदी की सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसपीजी के हाथ में होगी। पीएम के कार्यक्रम में भोपाल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पीएम मोदी के यात्रा को देखते हुए भोपाल की सूचना एवं सुरक्षा नगरीय पुलिस आयुक्त की ओर से कई अहम दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पुलिस ने सुरक्षा को लेकर प्लान، और प्लान क्र बनाया है। जंबूरी मैदान पर तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। पीएम मोदी स्टेट हैंगर से हेलीकॉप्टर से जंबूरी मैदान पहुंचेंगे। बारिश या मौसम खराब होने पर पीएम का काफिला बाय रोड लाया जाएगा। पहली बार पीएम कार्यक्रम में 50 फीसदी से ज्यादा महिला अधिकारी तैनात रहेगी। कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, कारगेट से लेकर हर सेक्शन की कमान महिला अधिकारियों के पास रहेगी। पीएम के कार्यक्रम में महिला IPS अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी। 6 से ज्यादा महिला IPS अधिकारियों के पास कार्यक्रम की जिम्मेदारी रहेगी। सुरक्षा की कमान स्पेशल डीजी सोनाली मिश्रा के पास रहेगी। करीब 3 दर्जन ASP, DSP स्तर की अधिकारी मौजूद रहेंगी। पीएम मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए दूसरे शहर के आने वाले भोपाल के ट्रैफिक को डाइवर्ट किया जाएगा। दूसरे शहर से आने वाले गाड़ियों को बाईपास से दूसरे रूट से डायवर्ट किया जाएगा। जंबूरी मैदान आने वाली गाड़ियां शहर में नहीं आने दी जाएंगी। जंबूरी मैदान में आने वाली गाड़ियों को लेकर रूट बनाया गया है।

## गिराई जाएंगी बाढ़ का कारण बनने वाली इमारतें

### डिप्टी सीएम ने खुद दिए विभाग को आदेश

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** देश के कई जिलों में बाढ़ के पानी को लेकर कोई ठोस प्लान नहीं देखने को मिलता। सरकारें तब जगती हैं जब बरसात होनी शुरू हो जाती है, खैर अब कर्नाटक डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राजधानी बेंगलुरु में बारिश के पानी से बाढ़ जैसी स्थिति न बनें इसके लिए एक प्लान बनाया है, और उस पर अमल करने के लिए बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका को आदेश भी दे दिया है।प्लान यह है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत बेंगलुरु में अब बारिश के पानी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा डालने वाली और बाढ़ का कारण बनने वाली इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नगर निकाय अधिकारियों को ऐसा करने का निर्देश दिया है। बेंगलुरु के विकास मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे शिवकुमार ने शहर के उन इलाकों का दौरा किया, जहां हाल ही में हुई बारिश के दौरान बाढ़ जैसी स्थिति बन



गई थी। उन्होंने मान्यता टेक पार्क के निकट नालों का भी निरीक्षण किया, जिनकी वजह से हाल में बाढ़ जैसी स्थिति बनी थी।

डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा,÷मुख्यमंत्री और मैंने पहले ही वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण जंक्शन है क्योंकि यहीं से समस्या शुरू हुई और अब अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई है।÷ उन्होंने आगे कहा कि पानी के धारा में बाधा डालने वाले कुछ व्यक्तियों ने कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले लिया है और यहां तक ??कि कुछ नगर निगम के अधिकारी भी सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैंने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत बाधा बनने वाली बिल्डिंग्स को हटाने का आदेश दे दिया है।

उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि सरकार का किसी भी व्यक्ति विशेष की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या अन्यायपूर्ण कार्य करने का इरादा नहीं है। यहां मुद्दा यह है कि बारिश के पानी की धारी सुचारू रूप से बहनी चाहिए। इसीलिए मैंने स्वयं क्षेत्र का दौरा किया और निरीक्षण किया। हमें इसके लिए स्थायी हल ढूंढना जरूरी है। उन्होंने कहा, ÷यदि किसी के तकनीकी कारणों से कोई गलती हुई है, तो हम उसे मुआवजा देंगे। हमें इस मुद्दे का स्थायी हल चाहिए। इसपर सभी सहमत हैं और हम अपना काम जारी रखेंगे।÷ आगे डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के चीफ कमिश्नर एम महेश्वर राव को अतिक्रमण हटाने का पूरा अधिकार दिया है।

## बेटे के दोस्त ने घर में घुसकर मारी गोली, पति की मौत, पत्नी घायल


**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के स्वरूप नगर थाना क्षेत्र के कादी विहार में बुधवार शाम एक सनसनीखेज गोलीकांड ने इलाके में दहशत फैला दी। यहां कथित तौर पर एक दंपत्ति के घर में घुसकर उनके बेटे के दोस्त ने ही ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस घटना में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है और




आरोपियों की तलाश में कई टीमें गठित की हैं। पुलिस को शाम करीब 7 बजे कादी विहार में फायरिंग की सूचना मिली। मौके पर पहुंची स्वरूप नगर थाना पुलिस ने पाया कि 42 वर्षीय अशोक और उनकी 40 वर्षीय पत्नी रचना पर हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। अशोक, जो पेशे से ट्रक ड्राइवर थे, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रचना को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए, जिसमें खाली कारतूस और अन्य सबूत शामिल हैं।

# मध्यप्रदेश में बनी फिल्म 'होमबाउंड' ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में मचाई धूम

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश, एक बार फिर विश्व सिनेमा के पटल पर छाया हुआ है। 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में मध्यप्रदेश में शूट हुई और श्री नीरज घेवान द्वारा निर्देशित फीचर फिल्म होमबाउंड को सराहना मिली है। फिल्म का कान्स अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में प्रीमियर शो कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान किया गया। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जो इस प्रतिष्ठित सेक्शन में चुनी गई है। कान्स फिल्म फेस्टिवल में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों के साथ्ङ्कसाथ कलाकारों और दर्शकों द्वारा फिल्म की प्रशंसा करते हुए 9 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाते हुए सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, ऑस्कर विजेता, अमेरिकन फिल्म मेकर डायरेक्टर मार्टिन स्कॉर्सेस के इस फिल्म से जुड़ने से इसकी अंतर्राष्ट्रीय साख मजबूत हुई है।



यह उपलब्धि न केवल राज्य की सृजनात्मक संभावनाओं को दर्शाती है, बल्कि इसे वैश्विक फिल्म निर्माण के लिए एक पसंदीदा लोकेशन के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 2024 में फिल्म 'होमबाउंड' का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश के भोपाल और आसपास के क्षेत्र में प्राकृतिक, सांस्कृतिक और शहरी परिवेश में शूट किया गया है। फिल्म की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा राज्य की फिल्म अनुकूल नीतियों और फिल्म की कहानी के अनुसार उपयुक्त लोकेशनों की सफलता का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि होमबाउंड फिल्म धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। मध्यप्रदेश में शूट होने वाली यह उनकी पांचवीं फिल्म है। फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। निर्देशक नीरज घेवान हैं, इससे पहले उनके निर्देशन में बनी मसान फिल्म को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। होमबाउंड में कलाकार ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल में सराहना मिलने पर पूरी टीम काफी खुश है। होमबाउंड टीम ने मध्यप्रदेश में सुगम शूटिंग अनुभव के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। विभिन्न प्रकार के लोकेशनों की आसान उपलब्धता से लेकर स्थानीय समुदायों के सहयोग तक, फिल्म निर्माताओं ने प्रदेश को एक आदर्श शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में सराहा। कई सदस्यों ने भविष्य की परियोजनाओं के लिए यहां दोबारा लौटने की प्रबल इच्छा जताई है। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने इस उपलब्धि पर होमबाउंड की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की प्राकृतिक विविधता, ऐतिहासिक विरासत और सिनेमा-फ्रेंडली वातावरण ने एक बार फिर स्वयं को सिद्ध किया है। होमबाउंड जैसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फिल्म का हमारे प्रदेश में शूट होना और फिल्म की टीम द्वारा अनुभव की गई सहजता, हमारे फिल्म नीति और स्थानीय समुदायों के सहयोग का प्रमाण है। हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक फिल्मकारों की पसंद बनता जा रहा है।

## केंद्र सरकार के निर्णय से प्रदेश के किसानों को होगा लाभ-मुख्यमंत्री

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एमएसपी में रामतिल में 820 और रागी में 596 के साथ ही कपास में 589 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। मध्यप्रदेश में धान और सोयाबीन सहित इन सभी फसलों का उत्पादन व्यापक है। इस नाते मध्यप्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ मध्यप्रदेश के किसान भाइयों को भी प्राप्त होगा।

## निजी विद्यालयों में नि-शुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रात-11 बजे नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी होगी। इसका सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा। आवेदकप्रात 11 के बाद उनके बच?चों को आवंटित शाला की जानकारी आरटीई पोर्टल पर भी देख सकेंगे। साथ ही बच्चों के माता-पिता आवंटन-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। जानकारी आवेदकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जायेगी। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) के अंतर्गत, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में, वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा-1 या प्री-स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क प्रवेश का प्रावधान है। इसके लिए मध्यप्रदेश में पूर्णत पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदन एवं शाला आवंटन ऑनलाइन तरीके से किया जाता है। इस वर्ष दस्तावेज सत्यापन के बाद ऑनलाइन लॉटरी के लिये लगभग एक लाख 66 हज़ार 751 बच्चे पात्र पाये गये हैं। इनमें 87 हजार 21 बालक तथा 79 हज़ार 730 बालिकाएँ हैं। इन बच्चों से फार्म भरने का कोई भी शुल्क नहीं लिया गया है। ऑनलाइन लॉटरी द्वारा चयनित बच?चों को इस वर्ष प्रदेश के पात्र 18 हज़ार 422 निजी विद्यालयों की 93 हज़ार 822 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। ऑनलाइन लॉटरी में शाला आवंटन के बाद चयनित बच?चों के अभिभावकों द्वारा 2 से 10 जून के मध्य उन्हें आवंटित शालाओं में जाकर अपने बच?चों का निश्शुल्क प्रवेश कराना होगा।

## पीडीएस से राशन सामग्री लेने वाले हितग्राही अपने फोन से कर सकते हैं ई-केवायसी-खाद्य मंत्री

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि पीडीएस से राशन सामग्री लेने वाले हितग्राही को ई-केवायसी कराने के लिये कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। वह अपने एंड्रायड फोन पर मेरा ई-केवायसी'' एप को डाउनलोड कर अपने फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से ई-केवायसी कर सकता है। वृद्ध हितग्राही एवं बच्चों की ई-केवायसी भी इस एप से कर सकते हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि परिवार के किसी एक सदस्य के मोबाइल से ही सभी सदस्यों की फेस ई-केवायसी की जा सकती है। साथ ही मध्यप्रदेश से बाहर गये हितग्राही किसी भी प्रदेश में इस एप पर अपना ई-केवायसी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल, 2025 से अब तक 8 लाख से अधिक हितग्राहियों ने इस सुविधा का लाभ लेकर घर बैठे अपनी ई-केवायसी करायी है तथा बिना किसी समस्या के राशन प्राप्त कर रहे हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों का पक्षी अवलोकन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन (एप्को) द्वारा बुधवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में भोपाल जिले के ईको क्लब विद्यालय एवं महाविद्यालय तथा जन-मानस के लिये पक्षी अवलोकन कराया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 40 प्रतिभागी शामिल हुए।




पक्षी विशेषज्ञ श्री मोहम्मद खलिक एवं डॉ. संगीता राजगीर ने प्रतिभागियों को भोपाल में आने वाले प्रवासी पक्षियों का अवलोकन एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसमें कोयल, ग्रे-हेरान, लिटिल कारमोरेंट, इंडियन रोबिन, रोज रिंग पैराकिट, व्हाइट थ्रोटेड किंग फिशर के बारे में बताया गया। साथ ही विभिन्न पक्षियों द्वारा बनाये जाने वाले घोंसले तथा पक्षियों के पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण में भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम के संदर्भ में प्लास्टिक से पक्षियों को हो रही समस्याओं तथा प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिये विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को एप्को द्वारा रिसाइकल पेपर से निर्मित संसाधन सामग्री उपलब्ध कराई गई एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।

## मध्यप्रदेश पुलिस का सृजन कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में बाल संरक्षण, आत्मरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में संचालित सृजन कार्यक्रम ने एक नई मिसाल कायम की है। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के झुग्गी बस्तियों में निवासरत किशोर बालक-बालिकाओं के लिये सृजन कैंप किए जा रहे हैं, जिनमें उन्हें गुड टच-बैड टच, महिलाओं पर होने वाले घरेलू एवं यौन हिंसा की रोकथाम, बाल अधिकारों, आत्मरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जा रही है। सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में किशोर सशक्तिकरण के लिये विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। भोपाल, ग्वालियर, बड़वानी, राजगढ़, खंडवा, शिवपुरी सहित अन्य जिलों के थाना क्षेत्रों में हुए इन शिविरों में सैकड़ों किशोर-किशोरियों ने सहभागिता की। यह पहल पुलिस विभाग के साथ सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से संभव हो पा रही है, जिसमें अमृता सेवा संस्था, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, युवा विकास मंडल, विकास संवाद, साथिया वेलफेयर सोसायटी, कृषक संस्थान, मुस्कान, वन स्टॉप सेंटर, प्रदीपन और अन्य संगठनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई है।

कार्यक्रमों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई, जिसमें पुलिस विभाग के प्रशिक्षकों गोविंद सर, अनुज तोमर, योगेश और अभिषेक द्वारा पंचिंग, साइड किक, यूनिफाइड एक्शन कॉम्बैट सहित विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। संवाद कौशल, नेतृत्व विकास, प्रेरणा और आत्म-अभिव्यक्ति पर आधारित सत्र भी किए गए।

रायसेन जिले के राहुल नगर क्षेत्र में चल रहे 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम के दूसरे दिन विशेष संवाद सत्र में उप महानिरीक्षक (सामुदायिक पुलिसिंग) श्री विनीत कपूर उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए अनुशासन और सीखने की ललक जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन कृषक सहयोग संस्थान द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पांडे और एएसपी श्री कमलेश खरपूसे की उपस्थिति में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। खंडवा जिले के ग्राम सिरपुर में उदय सामाजिक विकास संस्था के सहयोग से सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 98 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर आरक्षक योगेश और अभिषेक, यूनिट डायरेक्टर अन्ना तिर्की, खालेदा सैयद, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मोना दफ्तरी और सिरपुर यूनिट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## काश्यप मध्यप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक बने



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह गिल ने आज भोपाल में एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप से भेंट की और उन्हें एसोसिएशन का मुख्य संरक्षक बनाया जाने का पत्र सौंपा। इस अवसर पर बास्केटबॉल खेल के विकास पर चर्चा की। उन्होंने श्री काश्यप को आगामी 10 जून से इंदौर में प्रारंभ हो रही साउथ एशिया स्पर्धा के लिए इंडिया टीम के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शिविर के लिए आमंत्रित किया।

## महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्पद उदाहरण

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद श्री दीपक सिंह की पत्नी श्रीमती रेखा सिंह ने साहस, दृढ़ता और संकल्प का परिचय देते हुए भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने पति के अधूरे सपने को साकार किया। श्रीमती रेखा सिंह की यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। रीवा जिले के ग्राम फरेदा निवासी श्रीमती रेखा सिंह का जीवन कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया। विवाह के मात्र 15 माह बाद उन्होंने अपने पति को खो दिया। शहीद श्री दीपक सिंह को मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहीद परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके साथ ही श्रीमती रेखा सिंह को शिक्षाकर्मी वर्ग-दो के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। श्रीमती रेखा सिंह, जो विवाह पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षिका थीं, ने पति की प्रेरणा से सेना में जाने का सपना देखा था। पति की शहादत के बाद उन्होंने इस सपने को अपनी प्रेरणा बना लिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने के बावजूद, दूसरे प्रयास में उनका चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ।

## बिजली कटौती की शिकायत मिलने पर आधी रात को निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** देर रात बिजली कटौती की शिकायत मिली तो ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उसी समय विद्युत उपकेन्द्र, ट्रांसफार्मर एवं उस क्षेत्र के निरीक्षण के लिये निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एक सहायक यंत्री और एक उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।



मंगलवार देर रात्रि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय वाशिंदों द्वारा बताया गया कि ग्वालियर के कुछ क्षेत्रों में बार-बार बिजली फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, इससे गर्मी के मौसम में आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। श्री तोमर देर बिना समय गवाए औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। इस दौरान उन्हें पाताली हनुमान क्षेत्र व तानसेन नगर ज़ोन में विद्युत आपूर्ति बाधित मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुचारू विद्युत आपूर्ति के प्रति लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय नागरिकों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि पिछले करीब चार घंटे से इस इलाके की बिजली गुल है। उन्होंने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और सहायक यंत्री श्री रोहित सिंह तथा उपयंत्री श्री प्रताप चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश मौके पर मौजूद मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक को दिए।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार की रात फूलबाग, ट्रांसपोर्ट नगर, मोतीझील जोन व सिकन्दर कम्पू क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के सिकंदर कंपू क्षेत्र में ट्रिपिंग रजिस्टर देखा और अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिये दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री श्री तोमर ने कॉल सेंटर में आईं उपभोक्ताओं की शिकायतों की स्थिति की जानकारी भी ली।

## कृषि समागम का उद्देश्य किसानों को खेती की नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों की जानकारी देना : मंत्री श्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का समापन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी के समीप हुआ। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कृषि उद्योग समागम की शुरुआत से लेकर समापन जिस सटीक रणनीति से संपन्न हुआ, इसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद देने आया हूं।

मेले में विभिन्न जिलों से आये किसानों की यहां मौजूदगी रही। यहां आकर मैंने विभिन्न उत्पादों व आम की किस्मों को देखा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कृषि समागम कार्यक्रम की सराहना की।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य किसानों व उद्यमियों को परंपरागत खेती की बजाय जैविक और उन्नत खेती के प्रति जागरूक करना और आधुनिक उपकरणों, कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से खेती में मार्गदर्शन और तकनीकी परामर्श देना था। अब समय आ गया है कि किसान एक-दूसरे से विचार-विमर्श और मंथन कर खेती की इन तकनीक को समझें, जिससे भू-जल स्तर बना रहे।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम मेले के बारे में बताया। समापन कार्यक्रम में किसानों ने भी अपने विचार साझा किये है। उन्होंने कहा कि उन्नत खेती की ओर बढ़ने का मुख्यमंत्री का यह निर्णय सराहनीय है। किसानों के कृषि संबंधी नवीन कृषि उपकरणों को एक ही कार्यक्रम में समाहित किया गया है। कृषि आधारित प्रदर्शनी का लाभ किसानों को मिला है। किसानों ने प्रदर्शनी को सराहा।

मंत्री श्री पटेल ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया।

## खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के हस्तशिल्प एवं हाथकरघा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का योगदान 40 प्रतिशत से अधिक है।

चंदेरी, महेश्वरी, बाटिक, जरी जरदोजी, लकड़ी के खिलौने जैसे पारंपरिक उत्पादों में 5500 से अधिक महिलाएँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। ये उत्पाद न केवल जीआई टैग प्राप्त हैं, बल्कि %एक जिला-एक उत्पाद% योजना के अंतर्गत इनका उत्पादन भी किया जा रहा है। मृगनयनी ब्रांड के 66 एम्पोरियम एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर के माध्यम से इन महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का उत्पादन एवं विपणन किया जा रहा है।

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा एनआईएफटी, फैशन टेक्नोलॉजी कॉलेजों, पॉलिटेक्निक संस्थानों एवं आईआईआई में विशेषकर बालिका उद्यमियों से संवाद एवं संपर्क स्थापित किया गया है, जिससे उन्हें नवीन डिज़ाइन, गुणवत्ता परीक्षण व नवाचार के अवसर प्राप्त हो सकें। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष देवी अहिल्या संग्रह तैयार किया जा रहा है। इस संग्रह में महिला शिल्पकारों की विशिष्ट भूमिका होगी। उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स एवं भास्कर स्टार्टअप प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड कर ऑनलाइन एवं डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर विक्रय में सहयोग दिया जाएगा।

मृगनयनी क्लब्स के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष ब्रांड अभियान प्रारंभ किया गया है। उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता दिलाने के लिए सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन व सोशल मीडिया अभियान चलाया जाएगा। महिला कलाकारों की ऑनलाइन डायरेक्टरी एवं उनके उत्पादों का डिजिटल कैटलॉग भी तैयार किया जाएगा।

## तंबाकू एक धीमा जहर-बचाव ही समझदारी थीम पर मनाया जाएगा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंणकर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रत्येक जिले में प्रभातफेरी, मैराथन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से समाज को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से कैंसर, टीबी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का संदेश देंगे। साथ ही, तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर आधारित वॉल पेंटिंग और पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर में - उप मुख्यमंत्री





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लोकमाता में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी। उनके चरित्र के स्मरण मात्र से मन गर्व और श्रद्धा से भर जाता है। उनके द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्य सर्वदा याद किए जाते रहेंगे। लोकमाता के चरित्र का अनुसरण करने से व्यक्ति के मन में जो संस्कार आएंगे उससे वह वैसा ही व्यवहार करेगा और भारत को विश्वगुरू बनाने का संकल्प पूरा होगा।



अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृतज्ञ देश लोकमाता अहिल्याबाई का पुण्य स्मरण कर रहा है। उनकी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, कौशल व धार्मिक प्रवृत्ति का लोहा सम्पूर्ण विश्व मानता है। स्टीवन गार्डन ने लोकमाता के बारे में अपनी राय देते हुए लिखा है कि वह न्यायप्रिय सुशासन व धर्म परायण शासक थीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ सहित अनेक ज्योतिर्लिंगों के मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कर सनातन को दृढ़ता प्रदान की। जिससे हमारा देश मजबूत हुआ। उन्होंने धर्म की ध्वजा को सामने रखकर आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूत किया। घाटों का निर्माण कराकर जल संरक्षण का संदेश दिया। शासक से सुशासक बनकर राजमाता लोकमाता बनीं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में लोकमाता के विचारों का अनुसरण कर देश को समृद्धशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। आर्थिक समृद्धि के साथ कृषि के क्षेत्र में समृद्धशाली बनकर आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकॉनामी के तौर पर स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री जी समर्पण भाव से देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमने अपनी आंतरिक सुरक्षा का भी लोहा मनवाया है। हमारे देश के सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधि मण्डल दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर की कहानी बता रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने लोकमाता के 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकमाता द्वारा स्थापित मापदण्डों को आत्मसात करें और 300 वर्ष पूर्व एक वीरांगना नारी द्वारा स्थापित मापदण्डों का स्मरण करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुड़रिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने 28 वर्ष के शासनकाल में 5827 धार्मिक स्थलों का पुनरूद्धार किया। उन्होंने धार्मिक भावना से ऊपर उठकर समरसता के भाव से कार्य किए। कुलगुरू ने कहा कि सनातन धर्म एक विचार है जो सभी को लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। गंगा जैसी निर्मल चरित्र वाली अहिल्याबाई लोकमाता के साथ पुण्य श्लोका भी कहलाईं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ऐसी विरली महिला थीं जो सामान्य घर में पैदा होकर राजरानी बनीं और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य कर लोक कल्याण के कार्यों के कारण लोकमाता कही जाने लगीं। उन्होंने राजधर्मों के पालन के साथ देव स्थानों के पुनरूद्धार का कार्य किया। 300 वर्ष पूर्व नारी सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने अनेक कार्य किए। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई 300 वर्ष बाद भी स्मरणीय हैं।


उनका जीवन प्रेरणास्रोत है। उनके साहस, वीरता व समाजसेवा की भावना ने उन्हें लोकमाता बनाया। आज हर बेटी को अपने में अहिल्याबाई की झलक देखनी होगी तभी बेटियों व महिलाओं में सशक्तिकरण की भावना और ज्यादा मजबूत होगी। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन विषय प्रवर्तन करते हुए कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि लोकमाता का चरित्र प्रेरणादायक व अनुकरणीय है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, संजय द्विवेदी, राजेश सिंह सहित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, आचार्यगण, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन केके तिवारी द्वारा किया गया।

## सीईओ जिला पंचायत ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जनपद पंचायत त्योंथर में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सहायक यंत्री मनरेगा, उपयंत्री, एपीओ, एएओ, ग्राम पंचायत के सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, मनरेगा में श्रम नियोजन के कार्यो में प्रगति लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे, जियो टैग, आवास पूर्णता एवं मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय सीमा में कराएं। सभी ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक समग्र आईडी में ई केवाईसी कार्य अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करें। अनुपस्थितों को नोटिस जारी - सीईओ जिला पंचायत ने समीक्षा बैठक से अनुपस्थित जनपद पंचायत त्योंथर के ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित ग्राम पंचायत सचिव कोरावं प्रभाकर दुबे, सचिव बारीकला श्यामाचरण मिश्र, सचिव मांगी मनोज शुक्ल, सचिव अतरैला-11 मोहितलाल कोल, सचिव गढ़ी देवेन्द्र तिवारी, सचिव रजहा अमर सिंह, सचिव सूती अरविन्द सिंह सूती तथा ग्राम पंचायत सचिव अमिलकोनी रामचन्द्र द्विवेदी को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक से अनुपस्थित ग्राम रोजगार सहायक नौवास्ता श्रीमती उमा पाण्डेय, किरण तिवारी ऊँचीऔनी, किरण मिश्रा बाजरा, पंकज विश्वकर्मा घुमा, वीरेन्द गौतम कोनीखुर्द, सुशील गौतम अमिलिया, मनोज मुड़हा खाम्हा, मारुती नंदन तिवारी पुरवा मनीराम एवं ग्राम रोजगार सहायक कोरांव गणेश मिश्र को सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## सेमरिया विधानसभा में स्वीकृत कार्यों को रोकने का असफल प्रयास कर रहे हैं डिप्टी सीएम : प्रमोद शर्मा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गुरुवार को इंडियन कॉफी हॉउस मे प्रमोद शर्मा सहयोगी विधायक सेमरिया 69 वा प्रदेश सयुंक्त सचिव आप द्वारा एक प्रेस वार्ता कर सेमरिया के मतदाताओं को सेमरिया विधानसभा मे पिछले एक साल का काम वा लगातार सेमरिया विधानसभा मे वर्तमान उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी के द्वारा अपने विधायक प्रतिनिधि को लगा कर कैसे लोगो को उनके जीवन के मूल आवश्कता की योजनाओं को रोकने का काम किया जाता रहा ये बात मिडिया के सामने रखी है।

प्रमोद शर्मा ने बताया की सेमरिया विधानसभा मे पिछले 18 महीनों मे सेमरिया के सम्मानित मतदाताओं द्वारा अभय मिश्रा जी को विधायक बनाने के बाद आतंक, भय, भ्रष्टाचार पे रोका लगी है। वहीं अभी तक लगभग 70 नई बोरिंग कराई जा चुकी है. बड़ी संख्या मे सही व्यक्ति को आर्थिक मदद स्वेक्षा अनुदान द्वारा किया जा रहा. जिसमे कई ऐसे बच्चे है जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से कमजोर है उनको भी विधायक द्वारा आर्थिक मदद की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की सेमरिया विधानसभा मे वर्तमान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी द्वारा सेमरिया विधानसभा में वर्तमान विधायक अभय मिश्रा जी द्वारा अपने जिला पंचायत अध्यक्ष रहते स्वीकृति राशि के कई बड़े काम को रोका गया जिससे सेमरिया के मतदाताओं को अनेको सुविधा से वंचित होना पड़ा। जिसमे मुख्य रूप से बसामन मामा घाट पर (एनीकट) स्टाप डैम निर्माण तीन करोड़ एकहतर लाख चौरानवे हजार की स्वीकृति राशि होने के बाद भी अपने प्रभाव से रोका गया. जो राशि आज तक यथा स्थिति मे फसी हुई है। ऐसे ही 2021 मे जिला पंचायत के जिलाध्यक्ष रहते अभय मिश्रा जी द्वारा कौवाढान से जोन्हि पहुंच मार्ग 1.90 किलोमीटर की पीसीसी सड़क जिसके लिए स्वीकृति राशि 1 करोड़ 47 लाख रु को भी आज तक पूरा नहीं होने दिया गया.

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 22-23 मे जिला पंचायत अध्यक्ष रहते 78 हैंडपम्प की स्वीकृति राशि से हैंडपम्प नहीं होने दिया गया वहीं वर्तमान मे अपनी विधायक निधि से दिए 80 हैंडपम्प को भी पूर्व की तरह रुकवाने का प्रयास करता एक पत्र पूर्व विधायक द्वारा दिया गया जिसमे होने वाले हैंडपम्प की जमीन को अत्राजन ना होना बताया जा रहा है। जिसमें मै पूछना चाहता हूँ की एक तो वर्तमान या पूर्व के रीवा जिले के किसी विधायक ने जनता की सबसे महत्वपूर्ण मांग हैंडपम्प तो दिए नहीं। फिर भी रीवा जिले सहित पुरे प्रदेश मे कही भी अगर हैंडपम्प करने के लिए जमीन का अत्राजन हुआ हो तो उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी बताये।

ऐसे ही हाल ही मे सेमरिया विधायक द्वारा 1 अरब 27 करोड़ की सड़क मंजूर कराई गई. जिसपे भी उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी द्वारा सड़क के प्रस्तावित स्वरुप को बदलाव कराने का दबाव बनाया गया है। लेकिन याद रहे सेमरिया विधानसभा के मतदाताओं ने एक जुझारू प्रतिनिधि का चुनाव किया है जिसके साथ 5 लाख जनता साथ खड़ी है। बड़े दुखी मन से ये कहना पड़ेगा की सेमरिया विधानसभा मे उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी द्वारा पुरवा गौ अभ्यारण खोल किसानो की किसानी अपने कमिशन के साथ भ्रस्टाचार के भेट चढ़ाया जा रहा है.

पुरे रीवा जिले के आवारा गौ वंश को ले जा कर सेमरिया 84 मे छोड़ा जाता है जिससे सैकड़ो एकड़ मे किसान खेती करना बंद कर दिया है. जिससे कहा जा सकता है की उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी द्वारा सेमरिया के मतदाताओं को बर्बाद करने का कोई मौका छोड़ा नहीं जा रहा है और जनता की भावना की परख करना है तो इस बार 2028 मे राजेन्द्र शुक्ला सेमरिया विधानसभा से चुनाव लड़े तो मै स्वयं जनता के आक्रोश के सहयोग से चुनाव हरा घर बिठा दूंगा

## पिपरिया में आउटरीच कार्यक्रम और ग्रामीणों से संवाद संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) और डीएसडब्ल्यूओ टीम सतना द्वारा ग्राम पिपरिया कलां तहसील बिरसिंहपुर में एक इंटरेक्शन कम आउटरीच पीजीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। पिपरिया कलां गांव के सरपंच पूर्व सैनिक और अन्य व्यक्ति हवलदार तथा पुलिस विभाग में कार्यरत है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सैनिकों के परिजनों और ग्रामीणों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा शासन की प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान 5 जून से 30 सितम्बर तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक पेड़ माँ के नाम भारत शासन का जन एवं सामुदायिक सहयोग से एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को एक पौधा रोपित कर किया गया था। प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस वर्ष यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 30 सितम्बर तक पूर्ण उत्साह एवं व्यापक रूप से मनाया जाना है। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को अपने जिले में "एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने "एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के लिए अनुविभागीय अधिकारी (वन) को नोडल अधिकारी बनाया है। नोडल अधिकरी दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मेरी लाइफपोर्टल पर नियमित रूप से जानकारी अपलोड कराना तथा अभियान अंतर्गत 5 जून 2025 से कार्यर म तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 31 मई को करेंगे सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों सतना और दतिया को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली सतना और दतिया में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लोकार्पण कार्यर म में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रारंभ से ही प्रदेश के प्रमुख शहरों को हवाई सुविधा से जोड़ने में जुटे हुये हैं। सतना और दतिया शहर धार्मिक, औद्योगिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहां एयरपोर्ट्स की सुविधा आ जाने से तीर्थ यात्रियों को दतिया की मां पीतांबरा पीठ, सतना की मैहर वाली मां शारदा और श्रीराम के वनवास के साक्षी चित्रकूट धाम पहुंचने के लिए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस सुविधा से तीर्थ यात्रा सुगम हो जाएगी, साथ ही दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।

विन्ध्य क्षेत्र की औद्योगिक राजधानी सतना में भी नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एयरपोर्ट पूर्व निर्मित हवाई पट्टी का पुनर्निर्माण कर आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने निर्माण कार्य को रिकॉर्ड समय में 31 अक्टूबर 2024 को पूर्ण कर लिया था और डीजीसीए द्वारा 20 दिसंबर 2024 को लाइसेंस जारी कर दिया गया। इस एयरपोर्ट पर 12 सौ मीटर लंबा रनवे, 750 वर्गमीटर में निर्मित टर्मिनल बिल्डिंग, और एक समय में दो एयरर ाफ्ट पार्किंग की व्यवस्था है। यह एयरपोर्ट अब 19 सीटर विमानों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरपोर्ट में सभी आधुनिक सुविधाएं, एटीसी टावर, फायर स्टेशन, वीआईपी लाउंज, दिव्यांग और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं, ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, एम्बुलेंस और सुरक्षा व्यवस्थाएं, छोटे स्वरूप में उपलब्ध कराई गई हैं। यह एयरपोर्ट सतना ही नहीं, बल्कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र के उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ बनाएगा। सतना के एयरपोर्ट के प्रारंभ होने से देश और दुनिया में प्रसिद्ध मैहर की शारदा देवी, भगवान श्री राम की वनस्थली चित्रकूट और ज्ञान के तीर्थ के रूप में विकसित नानाजी देशमुख ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट आने वालों के लिए बड़ी सुविधा मिल जाएगी।

## रीवा पुलिस ने लौटाई दिव्यांग की मुस्कान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अमहिया थाना में फरियादी महादेव साकेत (जन्मांध) ने रिपोर्ट लिखाई कि उनका पर्स चोरी हो गया है। जिस पर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने तत्काल स्टाफ सही तत्परता दिखाते हुए पर्स और चोर ढूंड लिया। पर्स में दिव्यांग के सभी दस्तावेज और 1500 रुपये थे। जिसे सही सलामत पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह द्वारा सुपुर्द किया। इस दौरान दिव्यांग की मुस्कान देखने लायक थी ।

## भैया प्रेम सिंह पूर्व विधायक चित्रकूट की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह द्वारा आज चित्रकूट के पूर्व विधायक स्व. भैया प्रेम सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया, यह कार्यक्रम प्रेम भैया को समर्पित था, जिन्होंने चित्रकूट के विकास और जनसेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया था। श्रद्धांजलि सभा का आरंभ सुंदरकांड पाठ से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर, कई गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रीय नेताओं ने स्व. भैया प्रेम सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित लोगों में बड़े देव स्वामी के महाराज श्री विपिन बिहारी जी, श्री राजेंद्र त्रिपाठी जी, रंगबहादुर सिंह जी, श्री अशोक चतुर्वेदी जी, पप्पू सिंह जी, श्री मुन्ना सिंह जी, पप्पू भैया बिरसिंहपुर, अनुज सिंह सुजावल, वृंदावन वर्मा, विनोद कुशवाहा जी (जनपद सदस्य), विनोद यादव (जनपद सदस्य), श्री रामजी निगम, सुखलाल यादव, रामस्वरूप पाल, दद्दू महाराज किरहा, जितेंद्र मिश्रा, श्री अखिलेश पांडेय जी (कंदर), लखन गौतम (केंद्र), निर्भय सिंह खोही, संदीप सिंह, दीपू सिंह कंदर, शिवम चौहान, तुलसीदास यादव, राजाबाबू सिंह (महाराजनगर), दिलीप आरख, संदीप आरख, भारत पाल झरी, पप्पू यादव लालपुर, मंत्री यादव जी, देशपाल यादव सांडा, कामता यादव, श्री श्याम यादव, गुड्डन सिंह नकैला, रणवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, करण सेन, राजू सिंह जी, धर्मेंद्र सिंह बैरहा, सुनील सिंह ब्रम्हिपुर, तेजबली सिंह, आशू सिंह, कुलदीप सिंह, गुलशेरा सिंह पड़री, राजा सिंह, शुभम द्विवेदी, राजा सिंह अर्जुनपुर, चौहान, संदीप सिंह सरपंच (भैयामऊ), योगेंद्र पटेल चूआ, श्री धर पटेल, अनिल पटेल, राजुल यादव, प्रभु दयाल जी बरौंधा, बेबे सिंह, विश्वनाथ चौरसिया, धुनू पांडेय, मुन्ना यादव, लवकुश यादव, रावेंद्र चौरसिया, नत्थू गर्ग, मुन्ना गर्ग, शिव मोहन सिंह महतैंन, रामदीन विश्वकर्मा, लल्लू विश्वकर्मा, अजय सिंह मझगावा, बल्लू साहू, कल्लू पांडेय, राजू शिवहरे, शरमन यादव, जितेंद्र द्विवेदी जी पिंडरा, और श्री शारदा यादव जी पिंडरा प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी वक्ताओं ने प्रेम भैया के जनहितैषी कार्यों, उनकी सादगी और चित्रकूट के लिए उनके समर्पण को याद किया। इस श्रद्धांजलि सभा ने एक बार फिर यह दर्शाया कि प्रेम भैया आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं और उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा।

## यूथ हेल्पिंग हैंड्स टीम ने सीएसपी को दी विदाई



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना विंध्य की अग्रणी सामाजिक संस्था यूथ हैल्पिंग हैंड्स परिवार ने 29 मई गुरुवार को सतना के पूर्व नगर पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र सिंह चौहान जी से सौजन्य भेट कर शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी।

सी,एस,पी श्री महेंद्र सिंह चौहान जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा सतना कार्यकाल में मुझे आप सभी का भरपूर प्यार और सहयोग मिला में यूथ हेल्पिंग हैंड्स परिवार को साधुवाद देता हूं जो निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है और मुझे आशा है आगे भी ऐसे सेवा कार्य करते रहेंगे।

रूपेश वलेचा एवं टीम ने सी,एस,पी साहब की प्रशंसा करते हुए कहा आपके सतना कार्यकाल में आपकी स्वच्छ,निष्पक्ष कार्यशैली एवं मिलनसार अधिकारी छवि रही संस्था आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

इस दौरान संस्था संस्थापक रूपेश वलेचा,अमित भवनानी, सोमेश आहूजा,विक्की जानवानी, अमित शर्मा,संजय खिलवानी, गुलाबराय नामदेव योगेश दासानी, अमन जायसवाल एवं सचिन जायसवाल उपस्थित रहे।

# विचार

## नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है।

सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है।

# साधन तो बढ़े पर खबरों का स्तर गिरा

**अशोक मधुप**

**भारत में पत्रकारिता एक समय पर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती थी। समाज की आवाज़ उठाने, सा‍ा से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसकी भूमिका अविस्मरणीय रही है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता यों सिकुड़ रही है आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज़ पोर्टल चलाने वाले पत्रकार ,यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का समान घटा है।**




पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। आज का पत्रकार खबर लिख रहा है किंतु खबर की गांरटी से भाग रहा है। वह यह दावा करने को कोई तैयार नही कि जो खबर उसने लिखी है, वह सही है। विश्वनीय है। जब तक खबरों को चेहरों से बड़ा नहीं समझा जाएगा और पत्रकारिता को फिर से जनसेवा के रूप में नहीं देखा जाएगा, तब तक यह गिरावट जारी रह सकती है।

पत्रकारिता के नए हाल पर न्यूज पोर्टल और यूटयूब चैनल पर चलती फर्जी खबरों का लेकर देश के लगभग 20 अखबारों ने एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत वे प्रचार कर रहे हैं कि न्यूज पक्की और सच्ची खबर-प्रिंट मतलब पक्का सबूत। इन्होंने ये अभियान तो शुरू किया किंतु अभियान चलाते समय वे ये भूल गए कि वे भी फेसबुक और यूटयूब चैनल चला रहे हैं, इतना जरूर है कि इनके पास प्रोफेशनल की टीम है, इसलिए इनकी खबरें ज्यादा प्रभाणित है, ज्यादा विश्वसनीय हैं।

पत्रकारिता कभी मिशन था। आजादी के आंदेलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिस्से इन्हें लाभ हो। इन्होंने पत्रकारिता और अखबारों के नाम पर दुकानें खोल लीं। लेकिन इन्होंने समाज की जरूरतों का ध्यान रखा। करोड़ों रूपये लगाकर ये सर्वे कराते कि किस उम्र का पाठक क्या पढ़ना चाहता है, उस रिपोर्ट के आधार पर ये खबरे कराते। लेख लिखाते। बस अपने हितों का ध्यान रखते। इन प्रतिष्ठानों को पैसा मिलने लगा तो इनसे जुड़े पत्रकारों और कर्मचारियों को आकर्षक वेतन और कमीशन मिलने लगे। मिशन की भावना पत्रकारिता से गायब हो गई। मीडिया संस्थान अब स्वतंत्र नहीं रहे। बड़े मीडिया हाउस कॉरपोरेट पूंजी से संचालित हो रहे हैं और कई बार सरकार के नजदीक दिखते हैं। इससे खबरों की निष्पक्षता और निर्भीकता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। नतीजा—जांच रिपोर्टिंग, जमीनी सच्चाई और सत्ता से सवाल पूछने की परंपरा लगभग गायब होती जा रही है।

गांव देहात से छोटेदृमोटे पत्रकार अब भी मिशन के तहत लगे थे। डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम के किस्से भी स्थानीय ऐसे ही एक सांध्य दैनिक समाचार पत्र से प्रकाश में आए। सिरसा के सांध्य दैनिक %पूरा सच% के संपादक रामचंद्र छत्रपति, राम रहीम और डेरा सच्चा सौदा पर आश्रम में होरही ख़बरें लिख रहे थे। वहां हो रहे कारनामों का भांडाफोड़ कर रहे थे। उन रामचंद्र छत्रपति को गोलियां मारी गईं। हत्या करा दी गई। आरोप राम रहीम पर आया। सीबीआई जांच हुई और अपराध साबित हुआ।

समय तेजी से बदल रहा है। आज पत्रकार अपना न्यूज पोर्टल ही नही चला रहे। यूटयूब् चैनल चला रहे है। फेसबुक लाइव पर लगे है। रोज नए ब्लागर पैदा हो रहे है। आज का पत्रकार खुद एक 'ब्रांड' बन चुका है। सोशल मीडिया ने रिपोर्टिंग को व्यक्ति-केंद्रित बना दिया है। पहले खबरें केंद्र में होती थीं, अब पत्रकार। टीवी डिबेट्स और यूट्यूब चैनलों पर पत्रकार अपनी पहचान, विचारधारा और नाटकीयता को प्राथमिकता देते हैं। खबर से ज़्यादा चर्चित चेहरा बनना आज का लक्ष्य बन गया है। पहले विज्ञापन के लिए उद्योगपतियों की ओर देखना पड़ता था, अब ऐसा नही है। अब आपकी साम्रग्री के हिसाब से गूगल भुगतान कर रहा है। जिनकी सामग्री अलग और नई है, वे मौज ले रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान ये हुआ कि कुछ अपने लाइक लेने, व्यूज और टीआरपी की दौड़ में मीडिया अतिरंजित खबरे चला रहा है। उसे खबरों के पुष्ट करने का समय नही।फर्जी खबरे चल रही हैं। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान किसी ने खबर चला दी कि भारतीय सैना पाकिस्तान में प्रवेश कर गई तो एक ने चला दिया कि भारत का लाहौर पर कब्जा हो गया। जबकि ऐसा कुछ नही था।

डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशा' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकृषित करन में लगे हैं। खबरों के हैंडिग गलत लगाकर पाठक को खबर पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि खबरों में हैंडिंग के अनुरूप कुछ नही होता। इससे पत्रकारिता का स्तर और विश्वसनीयता तेजी से गिर रही है। अखबारों में झूठी खबरों को रोका जाता था। कोशिश रहती कि खबरों की विश्वसनीयता बनी रहे।

व्यक्तिवादी तंत्र में अब ऐसा नही हो रहा। जल्दी दिखाने की होड़ में और टीआरपी बटोरने के लिए आधी-अधूरी खबरे चलने लगी है। मुंबई पर आतंकवादी हमले और कंधार विमान अपहरण कांड के दौरान मीडिया ने कुछ ऐसी खबरे चलाईं जिससे दुश्मन और आंतकवादियों को ज्यादा लाभ हुआ। इन्होंने देश हित नही देखा। मुंबई हमले को चैनल द्वारा लाइव दिखाने के कारण पाकिस्तान में बैठे हमलावरों के आका चैनल देखकर आंतकवादियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इसकी आलोचना भी हुई। मीडिया के लिए दिशा-निर्देश बनाने की मांग भी हुई।

धीरे-धीरे गांव-कस्बों की खबरें गायब हो चुकी हैं। रिपोर्टर अब स्टूडियो में बैठकर %नेरेटिव% बनाते हैं। ग्राउंड पर जाने की ज़हमत नहीं उठाते। इससे पत्रकारिता का मूल उद्देश्य—जनता की आवाज़ को मंच देना—कमज़ोर हो गया है। अब ये जरूरी होता जा रहा है कि मीडिया में आने वाले पत्रकारिया या वीडियो पत्रकारिता का प्रशिक्षण लेकर आए। नए शासनादेश, देश हित और कानून की उन्हें जानकारी हो। सरकार द्वारा प्रत्येक पत्रकार के लिए ये प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। बार कौंसिल की तरह पत्रकार कौंसिल जैसी संस्था बने जो पत्रकारों पर नजर रखे। उनके लिए दिशा-निर्देश तैयार करे। ऐसा होता है तो सरकार को मीडिया पर नियंत्रण की जरूरत नही पड़ेगी। वरन सरकार को इस पर नियंत्रण के लिए कभी न कभी दिशा निर्देश जारी ही करने होंगे। जैसे की अभी आपरेशन सिंदुर के समय जारी किये गए।

नवोदित पत्रकारों के लिए पत्रकारिता अब %मिशन% नहीं बल्कि %कैरियर% बनती जा रही है। कई संस्थानों में उन्हें बहुत कम वेतन पर काम कराया जाता है, जिससे उनमें पेशे के प्रति समर्पण घटता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकारों का आभा मंडल इतना विशाल हो गया है कि नए लोगों को उभरने का मौका कम मिलता है। इसलिए जरूरत है कि स्वतंत्र पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। पब्लिक फंडिंग या सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल को प्रोत्साहित किया जाए।नए पत्रकारों को प्रशिक्षण और संरक्षण मिले। ग्राउंड रिपोर्टिंग को बढ़ावा दिया जाए।

# आपरेशन सिंदूर और शल्यवादी विपक्ष

**राकेश सैन**

महाभारत संग्राम में एक सिद्धांत निकल कर आया 'शल्यवाद।' माद्रीपुत्र नकुल-सहदेव के मामा माद्रा (मद्रदेश) के राजा शल्य थे। महाभारत में पाण्डवों के पक्ष में युद्ध करने आए शल्य का दिल अतिथि सत्कार से जीत कर दुर्योधन ने छल से उन्हें अपने खेमे में कर लिया। उन्होने कर्ण का सारथी बनना स्वीकार किया और कर्ण की मृत्यु के पश्चात् युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना का नेतृत्व भी किया और युधिष्ठिर के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। वे कर्ण के सारथी तो बन गये किन्तु उन्होंने युधिष्ठिर को यह भी वचन दिया कि वे चाहे खड़े कौरव सेना के साथ दिखेंगे परन्तु युद्ध पाण्डवों के पक्ष में ही लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने वचनों से कौरवों को ही हतोत्साहित करना शुरू किया। अपने ही लोगों का मनोबल तोडने की नीति 'शल्यवाद' कहाती है। वर्तमान में आपरेशन सिंदूर के बाद भारत का विपक्ष भी इसी शल्यवादी की नई परिभाषा लिखता दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए आपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों ने चाहे देश व सरकार के साथ एकजुटता जताने की बात कही परन्तु पूरे आपरेशन के दौरान विपक्षी नेताओं की कंटीली जिव्हा देश को मर्माहत करती रही।

'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस ने 'आपरेशन' के स्थगित होने के बाद जो कुछ कहा है वह सबकुछ उसकी एकजुटता की प्रतिबद्धता के विपरीत दिखाई देता है। आपरेशन स्थगित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो कहा है वह दुश्मन देश को सांत्वना देने वाला था। इसलिए वहां के मीडिया ने उसे हाथों हाथ लपका। खड्गे ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को एक छोटी-मोटी झड़प बताया वहीं राहुल गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा 'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर दिये बयानों पर पलटवार करते हुए जो कहा उससे उनकी अपनी और कांग्रेस पार्टी की छवि ही कमज़ोर हुई। कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिन्दूर के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की एक कथित टिप्पणी को लेकर कहा कि यह 'पाप' है और 'सिन्दूर का सौदा' है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। राहुल ने तो यहां तक पूछा कि हमने कितने भारतीय विमान गंवा दिए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को गलत बताया था कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सात मई को 'ऑपरेशन सिन्दूर' शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सुचेत किया था।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया। यानी 'सिन्दूर का सौदा' होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे। विदेश मंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है।



'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा, न टॉक, अब तो सिर्फ पीओके पर बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को सीधे चेताया और भविष्य में आतंकी गतिविधियों पर आरपार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी परन्तु वह इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी का दिमाग ठंडा रहता है, लेकिन लहू गर्म रहता है और अब तो मोदी की नसों में गर्म सिंदूर बह रहा है। उन्होंने साफ कहा कि भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को अब महंगा पड़ेगा।

मोदी ने बीकानेर में देशवासियों को संबोधित करते हुए जो कहा, उस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री से पूछा कि 'आपका खून हमेशा कैमरे के सामने ही क्यों खौलता है' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी, हल्के भाषण देना बंद कीजिए। आपने भारत के सम्मान के साथ समझौता किया है। आपने ट्रंप के आगे झुककर भारत के हितों का त्याग क्यों किया आतंकवाद पर पाकिस्तान के बयान का आपने भरोसा क्यों कर लिया इससे पहले कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर फिल्मों की तरह खोखले डायलॉग का सहारा लिया है।

देश में एक तरफ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जब विश्व का दौरा कर 'ऑपरेशन सिन्दूर' तथा भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और पाकिस्तान द्वारा 'ऑपरेशन सिन्दूर' के प्रति किये जा रहे दुष्प्रचार का जबाव देने निकले हुए हैं, ऐसे समय में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेताओं के जो बयान आ रहे हैं वह देशहित में नहीं। यह विपक्ष की शल्यवादी नीति नहीं तो और क्या है दुश्मन देश पाकिस्तान विपक्षी दलों के नेताओं विशेषतया कांग्रेस व उसके नेताओं द्वारा दिए बयानों को आधार बनाकर अपने हित में उनका प्रयोग कर रहा है।

### ग्राम आमाडांड में सुशासन तिहार शिविर संपन्न

# शिविर में 1261 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण







**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के विकासखंड खड़गवां के ग्राम आमाडांड में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किये गये आवेदनो का निराकरण करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 1467 आवेदनों में से 1261 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 187 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।

ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने के लिए नहीं है, बल्कि आम जनमानस के समस्याओं के तत्काल समाधान का एक मंच है। जो लोग विकासखण्ड या जिला कार्यालय नहीं जा पाते है। उनकी समस्याओं का समाधान ऐसे शिविर में किया जाता है। आमाडांड सेक्टर में कुल 8 गांव कौड़ीमार, उधनापुर, जडहरी, मेरो, मुकुंदुपुर, कदरेवा, छोटेकुलआ तथा आमाडांड के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल जागरूकता अभियान पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और घरेलू नल कनेक्शन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा मीना सिंह, गीता यादव, उर्मिला, राजमनी, कुमारी तुलसी, गिरजा सिंह, बसंती, नेहा, फूलबसिया, पवन कुमारी, दुर्गावती, ममता, रामरती, सोनकली, संगीता, सुनीता बाई, रामवती, सुमित्रा, जानकी बाई, कुमारी सरिता, शांति, जोहन, अर्चना, मान कुंवर, दर्शन कुंवर सिंह, मुजू देवांगन एवं सीता बाई को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें इरमुन पण्डो, लीलावती, ममता, पप्पी, गीता एवं कुंती बाई को गोद भराई का लाभ दिया गया।इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। विभाग द्वारा गौरी, शिवम, अनय, कीर्ति, अंशिका, सोनाक्षी एवं मीनाक्षी को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मीना, दुर्गावती, जयपाल सिंह, बीरबल सिंह, इन्द्र, मनोहर सिंह, परमजीत, पार्वती, पार्वती और गणेश प्रसाद को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान की लोगों को दी गई जानकारी

डॉ. आदित्य गौराहा तथा डॉ. रितु रानी मिंज के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान की व्यापक जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं संबंधित विभाग जैसे उद्यान, पशुपालन, मछली पालन के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की 3 टीम गठित की गई है। ये टीम प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड 2 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मृदा परीक्षण, धान की कतार बोनी एवं पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपड़, ड्रोन तकनीकी का उपयोग, प्राकृतिक खेती योजना के बारे में, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग, संतुलित कीटनाशक उपयोग, पशुओं की मौसमी बिमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तृत रूप से परिचर्चा करेंगे, साथ ही कृषि विभाग उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की प्रमुख राज्य एवं केन्द्रीय योजना के बारे में जानकारी साझा की जायेगी। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया जायेगा। शिविर में जिला सदस्य प्रिया सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह करियाम, जनपद सदस्य अजय सिंह, सीता कुमारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सोनमती उर्रे, मण्डल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, रामप्रसाद गुप्ता, सरपंच जामुनी बाई, संतोष, विजय सिंह, रामवती, श्याम बाई, सरिता सिंह, रामलाल, एसडीएम विजयेन्द्र सारर्थी, तहसीलदार सिद्धी गबेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिले में प्रारंभ हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में जिले में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत कृषि विभाग के द्वारा सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ का संचालन किया जा रहा है। रथ को कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण से अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, उप संचालक कृषि लाल सिंह आर्मो, पशु चिकित्सक डॉ. बघेल, मत्स्य विभाग से एच.एन. वर्मा एवं जनप्रतिनिधि जि.पं. सदस्य उजित नारायण, जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ श्रीमती जानकी बाई कुसरो एवं अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर अभियान के तहत् आयोजित शिविरों के लिए रवाना किया गया। यह रथ प्रतिदिन प्रतिविकासखण्ड 2 ग्राम पंचायत एवं उनसे लगी अन्य पंचायतों में घुम-घुमकर कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए आयोजित शिविरों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जो कि खरीफ मौसम की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए शुरू किया गया है। . जिले में इस अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबंधित विभाग जैसे उद्यान, पशुपालन, मछली पालन के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की 3 टीम गठित की गई है।

यह टीम प्रतिदिन प्रतिविकासखण्ड 2 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मृदा परीक्षण, धान की कतार बोनी एवं पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपड़, ड्रोन तकनीकी का उपयोग, प्राकृतिक खेती योजना के बारे में, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग, संतुलित कीटनाशक उपयोग, पशुओं की मौसमी बिमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तृत रूप से परिचर्चा करेंगे, साथ ही कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की प्रमुख राज्य एवं केन्द्रीय योजना के बारे में जानकारी साझा की जावेगी। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया गया है।

## ग्रामीणों ने ली 'पानी बचाओ' की शपथ



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के ग्राम पंचायत आमाडांड में आयोजित समाधान शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में विकासखंड खड़गवाँ की 08 ग्राम पंचायत के ग्राम कौड़ीमार, उधनापुर, जडहरी, मेरो, मुकुंदुपुर, कदरेवा, छोटेकुलआ तथा आमाडांड के ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों को जल संसाधनों के सतत व विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी गई और "पानी बचाओ" की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अपने कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया।

### सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन अग्रवाल समाज भवन में

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बच्चों में बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक एवं रचनात्मक विकास हेतु अग्रवाल नवयुवक मण्डल रीवा द्वारा 09 जून से 15 जून तक सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन अग्रवाल समाज भवन रीवा में किया गया है। जिसमें बॉस्केटवाल, ड्राइंग, योगा, कैलीग्राफी, वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट, क्ले आर्ट, ढोलक वाद्य यंत्र, डॉस,एवं 16 वर्श से अधिक की उम्र की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए मेंकअप, सेल्फ डिफेन्स एवं कुकिंग की गतिविधियां रखी गई है। समर कैंम्प में बास्केटवाल का पुष्पराज मिश्रा, सेल्फ डिफेन्स का पुष्पांजलि पाण्डेय, केलिग्राफी का वैष्णवी अग्रवाल, बेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट बनाने का श्रीमती मीना कुन्देर, मेकअप का रोली अग्रवाल, योगा का गीता प्रसाद पाण्डेय, ड्राइंग एण्ड पेपर क्राफ्ट का श्वेता अग्रवाल, क्ले आर्ट का आकाशी गुप्ता, कुकिंग का वन्दना गुप्ता, ढोलक वाद्ययंत्र का पूर्णिमा अग्रवाल तथा डांस का प्रशिक्षण सुनयना अग्रवाल द्वारा प्रदान किया जावेगा। उक्त आशय की जानकारी अग्रवाल नवयुवक मण्डल के मंत्री डॉ. प्रणत कनोडिया ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए समर कैम्प में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से निवेदन किया है कि समर कैम्प में पंजीयन के लिए अग्रसेन मेंडिकल एजेन्सी सिन्धी चौराहा एवं ज्ञानोदय स्टेष्नरी मार्तण्ड काम्पलेक्स से फार्म प्राप्त कर, फार्म भर कर सात जून 2025 तक जमा कर सकते है।

## मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत नागपुर क्लस्टर में "मोर गांव मोर पानी" महाअभियान के तहत् एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत नागपुर, उजियारपुर, सोनवर्षा, लोहारी, सेमरा, महाराजपुर, सरभोका, मोरगा, चिरईपानी, बरबसपुर, हर्रा, लाई, कोठारी, सिरौली, कठोतिया, शंकरगढ़, मुक्तियारपारा, हस्तिनापुर, सिरियाखोह ग्राम पंचायत के सरपंच/ सचिव/रोजगार सहायक/बिहान टीम के पीआरआई सदस्य सीएलएफ कैडर्स उपस्थित हुए। जिसमें जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य/सरपंच उपस्थित हुए। मास्टर ट्रेनर के द्वारा मोर गांव मोर पानी महाअभियान की प्रशिक्षण दिया गया एवं जल संरक्षण व संवर्धन हेतु जल संकल्प कराया गया। जिसमें 111 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।





## सतना की खबरें

### सतना एयरपोर्ट लोकार्पण की स्थानीय तैयारियों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों दतिया और सतना को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण अवसर पर सतना एयरपोर्ट में स्थानीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट एथारिटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकार्पण समारोह के स्थानीय कार्यर् म की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर एयरपोर्ट में की जा रही बैठक व्यवस्था, पंडाल, पेयजल, सुरक्षा कार्यर् म में आने वाले जनमानस के आवागमन, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सतना एयरपोर्ट पर स्थानीय कार्यर् म 31 मई को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य कार्यर् म में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सतना एयरपोर्ट के किये जा रहे वर्चुअल लोकार्पण कार्यर् म को प्रातः 11 बजे से बडी स्र् ीन पर दिखाया जायेगा। कार्यर् म में शामिल होने वाले सभी गणमान्य और आम नागरिकों को प्रातः 9 बजे तक उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, आरआई देविका सिंह बघेल, जिला कार्यर् म अधिकारी सौरभ सिंह, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, उमेश प्रताप सिंह, रमाकांत गौतम, विजय तिवारी, मुरारी सोनी, डायरेक्टर एयरपोर्ट एथारिटी अशोक गुप्ता एवं उनकी टीम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून तक किया जा रहा है। मैहर जिले में गुरूवार को ग्राम घुनवारा में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस संकल्प यात्रा से किसानों को खेती के बारे में समस्त जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दौरान कृषि संबद्ध उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली एवं कृषि उद्यमी, प्रगतिशील कृषक, एफ्पीओ एवं स्व सहायता समूह के सदस्य एवं अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि संबंधित तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। जिले में तकनीकी जानकारी हेतु 3 दलों का गठन किया गया है। जिसमें प्रत्येक दल द्वारा प्रतिदिन 3-3 पंचायतों में कार्यर् म आयोजित कर कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी से दी जायेगी। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य में प्रेरणा उत्सव के रूप में विभिन्न संस्कृति, अकादमिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप की गतिविधियों के 30 मई को आयोजन के निर्देश जारी किये गये हैं। अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि 30 मई को दोपहर 12 बजे एकलव्य विद्यालय मैहर में लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वी जयंती मनाई जायेगी। जिसके लिए अधिकारियों को कार्य सौपा गया है। इनमें सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नृत्य नाटिका/कार्यर् म की प्रस्तुति संगीत महाविद्यालय/विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। सीडीपीओ विद्याचरण तिवारी एवं जिला समन्वयक जनअभियान परिषद मैहर को फ्लैक्स बैनर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कार्य सौपा गया है। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयीन छात्र-छात्राओं की कार्यर् म में उपस्थिति एवं सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मैहर को स्वच्छता, पानी, कैम्पर का पेयजल एवं कार्यर् म से संबंधित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे। निबंध प्रतियोगिता में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर वर्गो में आयोजित पुरस्कार राशि के का प्रावधान किया गया है। जिसमें सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान आने पर 3000, द्वितीय 2000 तथा तृतीय के लिए 1000 रूपये की राशि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आने पर 3000, द्वितीय 2000 तथा तृतीय 1000 रूपये की राशि निर्धारित की गई है। कलेक्टर रानी बाटड ने सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यर् म में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना और मैहर जिले के सभी विकासखण्डों में गुरूवार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खरीफसीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अत्र्ग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत रखते हुये अभियान का संचालन 12 जून तक किया जायेगा। सतना जिले में मझगवां विकासखण्ड स्थित चित्रकूट धाम के प्रथम मुखार बिन्दु से विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोदय विश्व विद्यालय के कुलगुरू डॉ. भरत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष मझगवां श्रीमती रेणुका जायसवाल, प्रगतिशील कृषक एवं जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा कृष्णा पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना संजना जैन, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के वैज्ञानिक, विभागीय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर विकसित कृषि संकल्प रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रथम कार्यर् म स्थल सेजवार के लिये रवाना किया। इसी तरह सतना जिले के रामपुर बाघेलान, सोहावल नागौद, उचेहरा एवं मैहर जिले के मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर विकासखण्ड में जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। कार्यर् मों में कृषकों के द्वारा व्यक्त की गई शंकाओं का समाधान किया गया। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में 03-03 ग्राम पंचायते सम्मिलित रहेंगी। अभियान के दौरान सतना जिले की 225 एवं मैहर जिले की 135 ग्राम पंचायतों में कार्यर् म आयोजित किये जावेगे। किन्तु सतना जिले की शेष 225 ग्राम पंचायतों एवं मैहर जिले की शेष 110 ग्राम पंचायतों के कृषकों को कार्यर् म स्थल की नजदीकी ग्राम पंचायतों में सम्मिलित किया गया है। इस तरह दोनों जिलों की समस्त ग्राम पंचायतें सम्मिलित हो जावेगी।

### चोरहटा के समस्त फीडरों की सप्लाई आज प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 30 मई को 132 केव्ही उपकेन्द्र अमरपाटन में 63 एमव्हीए बीबीएल एक्समर डिफ्रेशियंल रिले को बदले जाने हेतु मेंटीनेंस का कार्य किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें 33 केव्ही सतना फीडर को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चोरहटा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

# बंगाल में मोदी बोले-पाकिस्तान समझ ले, 3 बार घुसकर मारा:अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी



**गंगटोक/कोलकाता ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया।

पीएम ने कहा, पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीएमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

पीएम को आज तीन राज्यों में जाना था। सिक्किम दौरा रद्द होने के बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार पहुंचे। यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। शाम को पीएम बिहार जाएंगे। शाम 5ः45 बजे पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का इनॉगरेशन करेंगे। फिर रात में राजभवन में रुकेंगे। ऑपरेशन सिंदूर परः आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों बाद बांग्लादेश में आतंक फैलाया। पाक सेना ने बांग्लादेश में रेप किया मर्डर किया। उसे कोई नहीं भूल सकता। आंतक और नरसंहार पाकिस्तान की विशेषज्ञता है। सीधी लड़ाई में उनकी हमेशा हार होती है। यही कारण है पाकिस्तान की सेना आतंकियों को सहारा लेती है।

## एयरफोर्स चीफ बोले-एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में हो रही देरी पर कहा कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। ये सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है। यह पहला मौका है जब किसी सेना प्रमुख ने सिस्टम पर इस तरह से सवाल उठाया हो। सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा;- टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है। इससे पहले 8 जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं। जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं।

## पटना भाजपा दफ्तर में पीएम मोदी की बैठक

पटना (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी दफ्तर में बैठक कर रहे हैं। बीजेपी कोर कमेटी मेंबर्स के साथ बैठक हो रही है। बंद कमरे में हो रही इस बैठक में बीजेपी सांसद, विधायक समेत संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं। इससे पहले पीएम ने पटना में 6 किमी लंबा रोड शो किया, जो 72 मिनट में पूरा हुआ। रोड शो में हजारों की भीड़ दिखी। 35 डिग्री टेंपरेचर में लोग हाथ में तिरंगा लिए सड़क किनारे खड़े दिखे। पीएम मोदी ने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन किया। पीएम के रोड शो में सुरक्षा के लिए तीन हजार से ज्यादा जवान तैनात रहे। स्वागत के लिए 32 जगहों पर मंच बनाए गए थे। पटना पहुंचने के बाद पीएम ने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया। साथ ही बिहटा एयरपोर्ट का भी वर्चुअली शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहे।

## एक्सपर्ट बोले- नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन बेअसर

नई दिल्ली (एजेंसी) ।देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आज एक्टिव केसों की संख्या 1326 पहुंच गई। वहीं, मौतों की संख्या 14 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। उधर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि 2022 के बाद नए वैरिएंट की वजह से कोविड पेशेंट कई बार बढ़े हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं देखी गई। मेरा अंदाजा है कि इस बार भी बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं हैं।

## आईआरसीटीसी घोटाले में 23 जुलाई को फैसला,लालू यादव भी आरोपी

पटना (एजेंसी)। सीबीआई के एडिशनल डायरेक्टर, राकेश अस्थाना ने बताया था-लालू यादव रेल मंत्री थे, तब रेलवे के पुरी और रांची स्थित बीएनआर होटल को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया था। इन्हें रख-रखाव और इम्प्रूव करने के लिए लीज पर देने की प्लानिंग थी। इसके लिए टेंडर विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। टेंडर प्रॉसेस में हेर-फेर किया गया था। टेंडर की यह प्रॉसेस आईआरसीटीसी के उस वक्त के एमडी पीके गोयल ने पूरी की।

## राहुल का मोदी को लेटर-पुंछ के लिए राहत पैकेज मांगा

**नई दिल्ली/श्रीनगर ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर पुंछ और पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित अन्य इलाकों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से की गई फायरिंग से स्थानीय लोगों को जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार को इन इलाकों के लिए ठोस और तुरंत मदद पहुंचानी चाहिए। उन्होंने लिखा कि जिन परिवारों ने अपने घर या परिजन खोए हैं, उन्हें आर्थिक मदद दी जाए और सरकार को पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उधर, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया



गया है। एटीएस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को भारत की गोपनीय जानकारी भेज रहा था।

## मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना

इंफाल (एजेंसी) ।मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना है। राज्य के 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इनमें से ही एक विधायक ने बताया, नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो चुके हैं। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्य में



13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है।

9 फरवरी को सिंह ने दिया था इस्तीफा 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

## कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर थरूर बोले-मैंने सिर्फ आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया पर बात की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में 2016 के उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार की तारीफ की थी।

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा सरकार का समर्थन करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने इस पर सफाई दी और कहा कि आलोचक और



ट्रोल्स उनके विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। हालांकि, उसने किसी का नाम नहीं लिया। थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- एलओसी के पार भारतीय वीरता के बारे में मेरी कथित अज्ञानता पर भड़कने वाले कट्टरपंथियों को मैं बताना चाहता हूं कि मैं स्पष्ट रूप से केवल आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध के बारे में बोल रहा था, न कि पिछले युद्धों के बारे में। लेकिन हमेशा की तरह मेरे शब्दों और विचारों को तोड़ा-मरोड़ा गया। दरअसल, मंगलवार को थरूर ने पनामा में 2016 के उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार की तारीफ की थी।

## तेजप्रताप-ऐश्वर्या तलाक केस, 21 जून को होगी अगली सुनवाई

पटना (एजेंसी)। आज हुई सुनवाई में तेजप्रताप और ऐश्वर्या दोनों कोर्ट पहुंचे थे। प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट में ये सुनवाई हुई। तेजप्रताप के वकील जगन्नाथ सिंह ने बताया- ऐश्वर्या राय के वकील ने 4 सप्ताह का समय मांगा, लेकिन हमने कहा कि 2 सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाए, इस पर जज ने अगली सुनवाई की तिथि 21 जून निर्धारित की है। अनुष्का यादव के साथ तेजप्रताप यादव के रिलेशनशिप और



फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद ये पहली सुनवाई थी। पिछले दिनों खुद ऐश्वर्या ने मीडिया के सामने आकर लालू परिवार से सामाजिक न्याय की गुहार लगाई थी। दरअसल, तेजप्रताप के अकाउंट से उनकी अनुष्का के साथ फोटो शेयर हुई थी, जिसमें लिखा था- 12 साल से रिलेशनशिप में हूं। इसपर ऐश्वर्या ने पूछा था- फिर मेरे से शादी क्यों की। इधर, लालू प्रसाद ने तेजप्रताप को आरजेडी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

## बृजभूषण के रोड शो पर विनेश फोगाट का तंज

**जींद ( एजेंसी )।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के रोड शो पर ओलिंपिक मेडलिस्ट और जींद की विधायक विनेश फोगाट ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विनेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पहलवान बजरंग पूनिया की पोस्ट को शेयर करते हुए सरकार पर सवाल उठाते हुए इनडायरेक्ट आपत्ति जताई है। फोगाट ने अपने पोस्ट में लिखा, सरकार तुम्हारी, गवर्नर भी तुम्हारा, शिकायत करते तो किससे करते। यह टिप्पणी



बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग महिला पहलवान से यौन शोषण के मामले बरी के बाद आयोजित रोड शो के संदर्भ में की गई है।

बृजभूषण शरण सिंह पर 2023 में कई महिला पहलवानों, (जिसमें विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया भी शामिल थे) ने यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। इन पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर महीनों तक धरना दिया और डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बाद मामले में सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद दिल्ली पुलिस ने मई 2023 में बृजभूषण के खिलाफ दो स्न्ढ्ढक्र दर्ज की थीं।

## हिमाचल में पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार

**देहरा ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवक पर आरोप है कि वह भारत की संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान में बैठे एजेंटों को भेज रहा था। पुलिस उसे देहरा कोर्ट में पेशी के लिए लेकर पहुंची है।

इस दौरान उसके चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था। पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। कांगड़ा के स्क्क मयंक चौधरी ने कहा है कि युवक की गिरफ्तारी बुधवार सुबह हुई है। उसके मोबाइल से कई संवेदनशील दस्तावेज और फोटो बरामद हुए हैं। इस डेटा को फोरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी की पहचान कांगड़ा जिले के देहरा में सुखाहर गांव के रहने वाले अभिषेक भारद्वाज (20) के रूप में हुई है।

## आकाश अंबानी ने काशी विश्वनाथ में 1 करोड़ दान किए

**वाराणसी ( एजेंसी )।** बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी ने काशी विश्वनाथ मंदिर को दान में 1 करोड़ का चेक दिया। बुधवार रात उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। मंदिर के शिखर को नमन किया। गर्भगृह में विधि-विधान से 10 मिनट तक विशेष पूजा की।

दो ब्राह्मणों ने पूजन कराया। आकाश को बाबा का प्रसाद, रुद्राक्ष की माला, बाबा का अंगवस्त्र और चंदन दिया। पूजा करने के बाद आकाश अंबानी ने अर्चक को बंद लिफाफे में चढ़ावा और दक्षिणा भी दी। कहा- बाबा का धाम अद्भुत है। दर्शन से मन को शांति मिलती है। जल्द ही पूरे परिवार के साथ आऊंगा। इससे पहले, 25 जून 2024 को, आकाश की मां नीता अंबानी ने काशी विश्वनाथ न्यास को एक करोड़ 51 लाख रुपए का दान दिया था। आकाश अंबानी रात 8 बजे लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह काफिले के साथ सीधे काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। लगभग 30 मिनट तक मंदिर परिसर में रुके। आकाश ने हर-हर महादेव बोलकर जनता का अभिवादन किया।

इसके बाद वे दशाश्वमेध घाट पहुंचे। गंगा सेवा निधि के अर्चकों ने मां गंगा का वैदिक रीति से पूजन कराया। आकाश ने मां गंगा से हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इस दौरान गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने आकाश को अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट किया। काशी विश्वनाथ मंदिर में आकाश अंबानी परिवार की परंपरा निभाने पहुंचे थे। शादी समारोह या शुभ कार्य में आमंत्रित किए गए देवी देवताओं को अंबानी परिवार में आभार जताने की परंपरा है।

अनंत अंबानी की शादी में कई मंदिरों मठ और ज्योतिर्लिंग को आमंत्रण दिया गया था।

## रेचल गुप्ता ने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज लौटाया

जालंधर (एजेंसी)। मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय और जालंधर की रहने वाली 20 वर्षीय मॉडल रेचल गुप्ता ने अपना ताज लौटा दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर 56 मिनट का भावुक वीडियो पोस्ट किया है और रोते हुए संगठन पर टॉक्सिक वातावरण, वादा खिलाफी और दुर्व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। रेचल ने



अक्टूबर 2024 में बैंकॉक में आयोजित प्रतियोगिता में यह खिताब जीता था।


## राजस्थान के बूंदी में गर्मी से महिला की मौत,यूपी में बिजली गिरने से दो बहनों की जान गई

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। वहीं राजस्थान के बूंदी में गर्मी के चलते एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हीटवेव बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज हीटवेव और धूल भरी आंधी चल सकती है। अगले 3 दिन में पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है। उत्तर प्रदेश में भी मौसम बदला है। यहां 50 जिलों में बादल छाए हैं और लखनऊ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। इससे पहले गुरुवार को मिर्जापुर में 8 लोगों पर बिजली गिरी। 2 सगी बहनों की मौत हो गई।

छत्तीसगढ़ 16 दिन पहले मानसून की एंट्री हो गई है। आमतौर पर बस्तर में मानसून 13 जून तक आता है, लेकिन इस बार 28 मई को ही पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में 5 दिन में 34.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य बारिश से 9 गुना ज्यादा है। मध्य प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में 3 दिन तक आंधी और भारी बारिश का अलर्ट है। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटा तक रहेगी। यहां नौतपा में टेम्परेचर में पारा 48 डिग्री तक पहुंच जाता है, लेकिन इस बार पारा 45 डिग्री भी नहीं पहुंचा। दिल्ली में आज मौसम विभाग ने 31 मई तक 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं और गरज के साथ आंधी-बारिश की आशंका जाहिर की है।

## प्रधानमंत्री पर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी, कहा- पीएम ऐसे बात कर रहे, जैसे हर महिला के पति हों

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे हर महिला के पति हों। वे अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं देते? हालांकि मैं इस संबंध में बात नहीं करना चाहती, लेकिन आपने मुझे बोलने के लिए मजबूर कर दिया। सिंदूर का संबंध हर महिला से है। सिंदूर को पवित्र माना जाता है। महिलाएं इसे अपने पति के लिए लगाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मैं कोई कमेंट नहीं करना चाहती। हर महिला



का सम्मान होता है। दरअसल, पीएम मोदी ने गुरुवार को ही पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। इसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया था।

मोदी को आमने-सामने बहस करने की चुनौती दी सीएम ममता ने कहा कि पीएम मोदी को मैं आमने-सामने बहस करने की चुनौती देती हूं। इसमें कोई स्क्रिप्ट नहीं होगी और सवालों के जवाब तुरंत देने होंगे। आप चाहें तो अपना टेलीप्रॉम्प्टर भी लेकर आएं। ममता ने पीएम मोदी से कहा कि आप मीडिया को कंट्रोल करते हैं और राजस्थान, बांग्लादेश और अन्य जगहों पर हुई घटनाओं का गलत इस्तेमाल करते हैं। वे बंगाल की फेक न्यूज फैलाते हैं। हर प्रदर्शन आपके नाम पर ही होता है। आप सेना के लिए कोई प्रोजेक्ट क्यों नहीं शुरू करते? आपको सिर्फ प्रचार चाहिए।

क्या ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल भी करेंगे सीएम बनर्जी ने कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने आज जो कहा, उससे हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि यह सुनना दुर्भाग्यपूर्ण भी हैं। पूरा विपक्ष दुनिया के सामने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उन्होंने देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक साहसिक कदम उठाया है, लेकिन क्या पीएम मोदी और उनके नेताओं के लिए यह कहने का समय आ गया है कि वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल भी करेंगे।

# अल नासर छोड़ कर मेजर लीग सॉकर जायेंगे रोनाल्डो

नई दिल्ली (एजेंसी)। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब सऊदी अरब के अल-नासर क्लब को छोड़ सकते हैं। इसका अंदाजा रोनाल्डो की एक पोस्ट से हुआ है जिसमें उन्होंने क्जब छोड़ने के संकेत दिये हैं। रोनाल्डो का सऊदी क्लब के साथ अनुबंध इसी साल 30 जून को समाप्त होने वाला है। ऐसे में अब अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किस टीम से जुड़ सकते हैं। रोनाल्डो ने अपनी पोस्ट में लिखा, यह चैप्टर समाप्त हो गया। सभी का आभारी हूं। रोनाल्डो ने अपने करियर में 1,000 गोल पूरे होने तक खेलने का वादा किया है । ऐसे में उनके संन्यास की कोई संभावना नहीं है। रोनाल्डो अल नासर के साथ जनवरी 2023 में जुड़े थे। उसके बाद से ही ये क्लब दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा। उन्होंने इस क्लब में अब तक 111 मैचों में 99 गोल किए हैं। प्रो लीग के नये सत्र उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 गोल दर्ज किए गए पर इसक बाद भी वह क्लब में बने नहीं रहना चाहते। अब माना जा रहा है कि रोनाल्डो उत्तरी अमेरिका में मेजर लीग सॉकर (एलएलएस) में जा सकते हैं । इसमें उनके प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी भी हैं। अगर वह इसमें नहीं जाते हैं तो पुर्तगाल में स्पोर्टिंग सीपी में खेलकर अपने करियर का समापन कर सकते हैं। इसके अलावा वह अमेरिका में होने वाले नए फीफा क्लब विश्व कप में भाग ले सकते हैं।


# सूर्यवंशी के रिकॉर्ड शतक से लेकर आयुष म्हात्रे के कारनामे और पंत के संघर्ष तक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के आखिरी लीग मैच में शतक जड़कर कमाल कर दिया हालांकि टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरूआत के बाद राह से भटक गई। वहीं पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले।

**युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया-** राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने शानदार स्ट्रोक प्ले और जोश से खेल के दिग्गजों को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मुस्कुराने का मौका दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद की खराब फॉर्म = पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया

पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया। टीम के पास बल्लेबाजी के लिए कोई 'प्लान बी' नहीं था जिसमें नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।

**सीएसके ने सीखा सबक-** सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ एमएस धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज म्हात्रे ने टीम की परेशानियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने अंत में शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान के 20 वर्षीय नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल स्पिनर रहे जबकि आर अश्विन और रविंद्र जडेजा अन्य विकल्प थे।

**साई सुदर्शन ने दमदार बल्लेबाजी की** - युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। वह अभी तक 670 से ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष पर है और इसका ईनाम उन्हें इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने से मिला। गुजरात टाइटन्स का यह बल्लेबाज इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहा।

मुंबई इंडियंस ने हमेशा की तरह ही प्रदर्शन किया = मुंबई इंडियंस ने हमेशा ही तरह धीमी शुरूआत करने के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। पहले पांच मैच में चार हार के साथ शुरूआत करने के बाद हार्दिक पंड्या की टीम अगले छह मैच जीतकर शीर्ष टीमों में पहुंच गई।

# हैड और अभिषेक पर जरुरत से अधिक निर्भरता सनराइजर्स को भारी पड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है पर इस आईपीएल सत्र में वह इसमें पूरी तरह से विफल रही। उसने पहले मैच में 285 रन बनाये जिससे लगा कि वह इस सत्र में 300 आंकड़ा हासिल कर सकती है पर बाद में हालात पूरी तरह से उलट गये और उसके लिए 200 रन बनाने भी मुश्किल हो गये।

सनराइजर्स इसी कारण 14 में से केवल 6 मैच ही जीत पायी। सनराइजर्स पिछले साल उपविजेता रही थी पर इस बार वह 14 मुकाबलों में से सिर्फ 6 जीत पायी। इसका कारण ट्रेविस हैड और अभिषेक शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रहना। टीम इन दोनो पर ही जरुरत से ज्यादा निर्भर हो गयी। ऐसे में इन दोनो के असफल होने पर बल्लेबाजी ढ़ह गयी।

इसके अलावा टीम की गेंदबाजी भी प्रभावित नहीं कर पाये। कप्तान पैट कमिंस सहित अन्य तेज गेंदबाज भी असफल रहे। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल भी नाकाम रहे। टीम की हार का कारण उसके पास अच्छे स्पिनरों की कमी भी रही।

अनुभवी स्पिनर एडम जैम्पा के शुरुआत में ही चोटिल होने के बाद बाहर होने से टीम के पास बीच के ओवरों के लिए कोई अच्छा स्पिनर नहीं था। टीम के पास अच्छे ऑलराउंडर की कमी भी रही। नितिश रेड्डी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। इसके अलावा मध्य क्रम के विफल होने से भी टीम उबर नहीं पायी।

# फ्रेंच ओपन-बोपन्ना और बालाजी जीते

नई दिल्ली (एजेंसी)। रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने रोलां गैरो पर अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के तीन खिलाड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं।

बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को बुधवार देर रात 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और पावलासेक ने दो घंटे और 11 मिनट चले कड़े मुकाबले में चार बार विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़ी और अपनी पहली



सर्विस पर 68 प्रतिशत अंक जीते। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में सिर्फ 51 मिनट में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेन्टीना के कैमिलो उगो काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया। भारत और मैक्सिको की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबाव बनाते हुए चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। इस जोड़ी ने 10 में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। इससे पहले पुरुष युगल में युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे ने रोबिन हास और हेंड्रिक जेबेन्स को 6-3, 6-7, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# संजीव गोयनका ने ऋषभ पंत को कहा शुक्रिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स का आईपीएल 2025 में सफर खत्म हो गया है। एलएसजी को मंगलवार को आखिरी लीग मैच में आरसीबी के हाथों हार झेलनी पड़ी। एलएसजी 18वें सीजन में अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। उसने 14 मैचों से केवल 6 जीते। एलएसजी ने विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत को पिछले साल मेगा ऑक्शन में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। हालांकि, पंत बतौर कप्तान और बल्लेबाज कुछ खास धमाल नहीं मचा सके।

वहीं, टीम के खराब प्रदर्शन के बावजूद एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत को शुक्रिया कहा। गोयनका ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने जज्बात बयां करते हुए लिखा कि, एलएसजी के लिए आईपीएल का ये सीजन खत्म हो गया है। हमारा ये सफर जीत और चुनौतियां से भरा रहा। सहमारी टीम की फाइटिंग स्पिरिट, एकता और लचीलापन सबसे अलग था। हम प्रतिबद्ध रहे, एक-दूसरे का साथ दिया और कभी हार नहीं मानी। दिल से नेतृत्व करने के लिए ऋषभ पंत का शुक्रिया। टीम के हर खिलाड़ी द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए धन्यवाद।

संजीव गोयनका ने आगे लिखा कि, जहीर खान, जस्टिन लैंगर, विजय दहिया और पूरे मैनेजमेंट और सपोर्ट स्टाफ-कोच, फिजियो, विश्लेषक और ग्राउंड स्टाफ का पर्दे के पीछे उनके अथक प्रयासों के लिए आभारी हूं। हमारे फैंस का अटूट समर्थन और हमारे साथ इस सफर का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। अगले सीजन में हम और भी मजबूत वापसी करेंगे। बता दें कि, पूरे सीजन में खराब लय के कारण आलोचना झेलने वाले पंच ने आखिरी में 61 गेंदों में नाबाद 118 रनों की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और आठ छक्के लगाए।

# इंग्लैंड दौरे में युवा खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी-पुजारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे में भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी। पुजारा के अनुसार विराट कोहली और रोहित शर्मा के नहीं होने से अब सारा भार युवा बल्लेबाजों पर ही रहेगा। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल और उपकप्तान की जिम्मेदारी ऋषभ पंत को मिली है। भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कभी भी आसान नहीं रहा है। उसने अब तक इंग्लैंड में 19 में से केवल तीन सीरीज ही जीती हैं जिसमें अंतिम बार 2007 में उसे राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत मिली थी। उन्होंने कहा, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हमेशा से ही चुनौती पूर्ण रही है। इसमें 19 सीरीज में से केवल 3 में ही जीत मिल है जिससे पता चलता है कि इंग्लैंड के हालातों में खेलना कितना कठिन होता है। एक युवा टीम के साथ, यह दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक अहम मोड़ होगा। मैं यह देखने के लिए उत्साहत हूं कि यह समूह किस तरह से इस अवसर पर आगे बढ़ता है और भविष्य के लिए नए मानक स्थापित करता है। भारतयीय टीम को यहं हैडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में पांच टेस्ट खेलने हैं। इस सीरीज से नये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) सत्र की भी शुरुआत होगी। वहीं पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान को उम्मीद है कि शुभमन की कप्तानी में जा रही ये युवा टीम इंग्लैंड दौरे पर मिलने वाली कड़ी चुनौतियों का सामना करने में सफल रहेगी। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा , नई पीढ़ी के आगे आने के साथ, भारतीय टीम न केवल विरासत को आगे बढ़ा रही है बल्कि हमारे क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय भी लिखने तैयार है।

# बांग्लादेश में दो क्रिकेटर मैदान में ही भिड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मीरपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट मैच के दौरान दो खिलाड़ियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस दौरान बीच में आये अंपायर से भी धक्कामुक्की हुई है। ये मामला बांग्लादेश की पारी के 104वें ओवर के दौरान हुई जब बांग्लादेश के रिपन मोंडल और दक्षिण अफ्रीका के त्शेपो एंटलुली के बीच झड़प हो गयी। रिपन ने एंटलुली के ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया। इसके बाद वह गेंदबाज एंटलुली के पास पहुंचे और उन्हें धक्का दे दिया, जिससे विवाद बढ़ गया। रिपन ने कई बार एंटलुली को धक्का देने का प्रयास किया हालांकि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी पर जब रिपन नहीं रुके तो एंटलुली ने रिपन का हेलमेट खींच लिया। जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मारपीट शुरु हो गयी। इस दौरान बीच में आये अंपायर्स से भी बदसलूकी हुई ।अब इन दोनो ही खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मैच रेफरी सलीम शाहिद ने कहा कि एक आधिकारिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और घटना की समीक्षा के बाद किसी भी संभावित प्रतिबंध का निर्धारण किया जाएगा। मैच रेफरी ने कहा, 卐एक बार जब मुझे अंपायरों की रिपोर्ट मिल जाएगी, तो मैं सजा के सुझावों के साथ अपनी रिपोर्ट तैयार करूंगा। मैं इसे दोनों बोर्ड को भेजूंगा जिससे वे मेरी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई कर सकें।




# सीएसके इस कारण हुई असफल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रही। सीएसके को 14 मैचों में केवल चार ही जीत मिली। उसकी असफलता का कारण मुख्य खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन रहा है। सत्र के बीच में ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने से भी टीम की बल्लेबाजी कमजोर हुई। ऐसे में महेन्द्र सिंह धोनी ने कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाली। 43 साल की उम्र में खेल रहे धोनी भी अब पहले की तरह नहीं खेल पाये। वह अधिकतर क्रम पर उतरे और 14 मैचों में केवल 196 रन बना पाये। उनका स्ट्राइक रेट भी काफी कम 135 का रहा। वह सबसे अच्छे फिनिशर के तौर पर जाने जाते हैं पर इस बार वह उसमें भी विफल रहे। इसी कारण वह अपनी टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। के

**रचिन रवींद्रः** न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार रिकार्ड है पर वह आईपीएल में पूरी तरह फ्लाप रहे हैं। इस बार वह 8 मैचों में एक अर्धशतक के साथ ही 181 रन बना पाए।

**मथीशा पाथिरानाः** डेथ ओवरों में अपनी कसी हुई गेंदबाजी के कारण अपनी पहचान बनाने वाले मथीशा पाथिराना इस सत्र में 12 मैचों में 13 विकेट ले पाये। वह काफी महंगे रहे और उन्होंने 10.14 के इकॉनमी रेट से रन दिये।

**दीपक हुड्डाः** दीपक हुड्डा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 1.70 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन सत्र में खेले 7 मैचों में वो सिर्फ 31 रन बना पाए।

# भारत ने मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल अपने नाम किया, तेजस्विन शंकर, रूपल चौधरी और पूजा छाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम ने साउथ अफ्रीका के गुमी में 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारतीय 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम ने अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा। अलग-अलग स्पर्धाओं में 4 सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतने के बाद भारत ने दूसरे दिन 28 मई तक कुल 8 पदक जीते। इन पदकों में गुलवीर सिंह का गोल्ड मेडल भी शामिल है। बता दें कि, गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता था। तो रुपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने 3:18.12 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। चीन की टीम 3:20.52 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही, जबकि श्रीलंका ने 3:21.95 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के सिल्वर मेडलिस्टों में से एक थे। तेजस्विन शंकर ने 7618 का स्कोर जमा करके डेकाथलॉन में दूसरा स्थान हासिल किया। वह चीन के फेई जियांग से पीछे और जापान के कीसुके ओकुडा से आगे रहे। रूपल ने दिन में पहले महिला 400 मीटर स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता।




रूपल और पूजा मामूली अंतर से गोल्ड जीतने से चूक गईं। दोनों को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। इससे पहले पुरुष 1500 मीटर में भारत के यूनुस शाह ने देश के लिए कांसा जीता। रूपल चौधरी ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। ये भारत के लिए दिन का पहला मेडल था। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो ने गोल्ड मेडल, जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीती हुकमोवा ने कांस्य पदक जीता।

रूपल चौधरी ने 2022 में वर्ल्ड अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2 मेडल अपने नाम करने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रचा था। रूपल ने तब 4×400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# रीवा में लगेगी दूसरी ब्लड सेपरेशन यूनिट, रक्तदान करना होगा आसान

## गंभीर रोगियों को इलाज में मिलेगी सुविधा




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में दूसरी ब्लड सेपरेशन यूनिट मिली है। यह रेड क्रॉस सोसाइटी में स्थापित की जाएगी। इससे रक्तदान करना और भी आसान होगा। गंभीर रोगियों को इलाज में सुविधा मिल सकेगी। यह यूनिट रक्त की उपलब्धता में सुधार करती है।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि ब्लड सेपरेशन यूनिट एक ऐसी मशीन है जो रक्त को उसके विभिन्न घटकों में अलग करती है। जैसे कि लाल रक्त कोशिकाएं, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, और क्रायोप्रेसिपिटेट आदि। यह यूनिट रक्त को घुमाकर (मथकर) परतों में अलग करती है, जिससे प्रत्येक घटक को अलग-अलग प्राप्त किया जा सकता है।

यूनिट का मुख्य उद्देश्य रक्त के विभिन्न घटकों को अलग करना है ताकि उनका उपयोग विभिन्न चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए किया जा सके। उदाहरण के लिए, लाल रक्त कोशिकाओं का उपयोग उन रोगियों के लिए किया जा सकता है जिन्हें रक्त की कमी है, जबकि प्लेटलेट्स का उपयोग रक्त के थक्के जमने की समस्या वाले रोगियों के लिए किया जा सकता है।

रोगियों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार उपचार प्राप्त करने में मदद करती है। यह रक्त से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए नए तरीकों की खोज में मददगार है।

### कॉलेज के भीतर गोली मारकर हत्या का आरोपी

# रीवा में पुलिस कस्टडी में रील बनाने वाला जबलपुर शिफ्ट, एक हाथ में हथकड़ी, दूसरे में था मोबाइल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में पुलिस अभिरक्षा के दौरान रील बनाने वाली आरोपी को जेल प्रबंधन ने रीवा केंद्रीय जेल से जबलपुर जेल शिफ्ट कर दिया है। उसकी लगातार संदिग्ध गतिविधियों और मिल रहे वीआईपी ट्रीटमेंट को देखते हुए यह कदम उठाना बताया गया है।

आरोपी रीवा की केंद्रीय जेल में 2018 से हत्या के जुर्म में बंद था। जिसकी एक वीडियो भास्कर के हाथ लगा था। जिसमें आरोपी अपने एक हाथ में हथकड़ी और दूसरे हाथ में मोबाइल लेकर जुल्फे संवरता हुआ नजर आया था। खबर प्रसारित होने के बाद पुलिस विभाग से लेकर जेल प्रबंधन तक बैकफुट पर आ गए थे।

**हत्या का आरोपी है वैभव ठाकुर:** रील बनाने वाला आरोपी कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि टीआरएस कॉलेज में छात्र की गोली मारकर हत्या करने वाला वैभव ठाकुर है। यह घटना 27 मार्च 2018 की है, जब बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र नितिन सिंह गहरवार परीक्षा देने कॉलेज आया था। उसी दौरान आरोपी वैभव सिंह ठाकुर ने कॉलेज परिसर में ही उसे 9 एमएम की पिस्टल से गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

**अस्पताल लाते समय बनाई गई:** वीडियो दो दिन पुराना बताया गया है। आरोपी को मेडिकल चेकअप और इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया था। इसी दौरान उसने मोबाइल से रील बनाई। लोगों ने इसे 'वीआईपी ट्रीटमेंट' बताते हुए पुलिस पर सवाल उठाए हैं। पूरा मामला सामने आने के बाद रीवा एसपी विवेक सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। अब यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी के पास मोबाइल कहां से आया और पुलिस की भूमिका क्या रही।

# महाराणा प्रताप जयंती पर सतना में निकाली गई शोभायात्रा





## पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने किया नेतृत्व, पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने दिखाए करतब

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर गुरुवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट तिराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

शंखनाद और स्वस्तिवाचन के साथ शुरू हुई शोभायात्रा एयरपोर्ट रोड से होते हुए रीवा रोड, सेमरिया चौक और भरहुत नगर मोड़ से गुजरते हुए टाउन हॉल पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे फूलों से सजे रथ पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा थी, जिसके पीछे क्षत्रिय समाज के लोग चल रहे थे।

घोड़े और बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह एवं कपिध्वज सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के सात लोग बीमार




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत ग्राम रहट में कोदो के आटा की रोटी खाने से एक ही परिवार के सात लोग बीमार हो गए। जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में ग्राम रहट निवासी विजय शुक्ला ने बताया कि उनके पिता ने कल शाम कोदो का आटा पिसवाया था, जिसके बाद रात में उसकी रोटियां बनी थी। उन्होंने बताया कि घर के लोगों ने रात में रोटी खाई। उसके बाद रात करीब 11 बजे एक-एक कर सभी की हालत बिगड़ गई। विजय ने बताया कि कुछ लोगों को उल्टियां हुई, बाकी लोग बेहोशी की हालत में हैं। सातों लोगों को हालत बिगड़ने के बाद तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया, जहां सभी का उपचार जारी है। पीड़ितों में नंद कुमार शुक्ला, राकेश शुक्ला, सत्यम शुक्ला, मंजू शुक्ला, नैतिक शुक्ला और कौशल्या शुक्ला शामिल हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। विकास के मामले में यह प्रदेश में अव्वल रहेगा। यहाँ तेजी से विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की।

पीटीएस चौराहे में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें। रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। देश व प्रदेश में विकास के लिए जो धनराशि जारी होती है उसमें रीवा की भी हिस्सेदारी हो इस बात की चिंता हमेशा रहती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। हमारा रीवा भी पीछे नहीं रहेगा। अधोसंरचना विकास के साथ ही जनकल्याण के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। श्री शुक्ल ने विद्युत उपकेन्द्र का फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। अधीक्षण यंत्री बृजेश कुमार शुक्ला ने तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, दीनानाथ वर्मा, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेश पाण्डेय, प्रदीप गौतम सुमन, मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी सहित विद्युत मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# डाक विभाग में एजेंट चयन की अंतिम तिथि आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 30 मई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक रीवा में उपस्थित हो सकते हैं। आवेदक जो 10वीं पास हो व कम्प्यूटर का ज्ञान हो वह इंटरव्यू में भाग ले सकते है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में आज विभिन्न बैठकों का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 30 मई को विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आहूत की गई है। इसी क्रम में दोपहर 12 बजे से वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व जिले की सभी सड़कों की मरम्मत के संबंध में बैठक होगी जबकि शाम 4 बजे हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा के उपरांत शाम 4.30 बजे आदिमजाति कल्याण विभाग से संबंधित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रकरणों में राहत राशि के आवंटन वितरण की समीक्षा की जायेगी।

# अतिथि विद्वान की मौत मामले में फोरेंसिक टीम को मिले खून के धब्बे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में अतिथि विद्वान डॉ. स्नेहल सिंह की मौत का मामला नया मोड़ ले रहा है। गुरुवार को फॉरेंसिक टीम ने मृतिका के शुक्ला बर्दाडीह स्थित घर का निरीक्षण किया, जहां एफएसएल वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र सिंह को कथित आत्महत्या स्थल पर खून के धब्बे मिले। रीवा से आई फोरेंसिक टीम ने टीआई कोलगवां सुदीप सोनी की उपस्थिति में घर के कमरों और अन्य स्थानों की जांच की। डॉ. महेंद्र सिंह ने मीडिया को दिए बयान में खून के धब्बे मिलने की पुष्टि की है।

बता दें कि, सिंगरौली कॉलेज में कार्यरत डॉ. स्नेहल सिंह का शव सोमवार को उनके ससुराल में फांसी के फंदे से लटका मिला। शव के नीचे खून के धब्बे मिलने के कारण मायके पक्ष को हत्या का संदेह है। मृतिका रविवार रात साढ़े 9 बजे अपने भाई के साथ ससुराल पहुंची थीं।

स्नेहल 22 मई को स्नेहल की दादी के निधन के बाद वह पति अभिषेक बघेल और बेटे समीर के साथ मायके आई थीं। रविवार को ससुराल से लगातार फोन आने के बाद वह वापस चली गईं। सोमवार सुबह करीब 9.15 बजे ससुर ने परिजनों को फोन कर बुलाया, जहां स्नेहल का शव मिला।

**बेटे ने पिता पर लगाया प्रताड़ना का आरोप:** मृतिका के 8 वर्षीय बेटे समीर ने अपने पिता पर प्रताड़ना कर हत्या का आरोप लगाया है। बच्चे ने पिता के साथ रहने से भी इनकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रीवा में बिना नौकरी महिला के नाम पर हुई अनुकंपा नियुक्ति




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के शिक्षा विभाग में एक महिला जिसने कभी शिक्षा विभाग में नौकरी नहीं की, उसके नाम पर अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई। इतना ही नहीं, उसे जोड़ौरी स्कूल में पदस्थ भी कर दिया गया। संबंधित व्यक्ति ने बाकायदा ज्वाइनिंग भी दे दी। यह फर्जी नियुक्ति आदेश कोई और नहीं खुद जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता द्वारा जारी किया गया। जब इस फर्जी नियुक्ति की शिकायत हुई तब यह पूरा मामला उजागर हुआ। शिकायत के बाद डीईओ ने तत्काल एक जांच टीम गठित की और खुद के द्वारा जारी किया गया नियुक्ति आदेश रद्द कर दिया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों ने डीईओ को फटकार लगाई गई है। इसके बाद बुधवार रात डीईओ सुदामालाल गुप्ता सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायती आवेदन दिया। उन्होंने फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं।

# युवती ने मंगेतर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, युवक गिरफ्तार

## माता-पिता का आरोप है कि युवती उनके बेटे को फंसा रही है



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने मंगेतर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को यूपी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक युवती का विवाह आरोपी बृजेश विश्वकर्मा निवासी दास पुरवा बांदा उत्तर प्रदेश के साथ 10 मई को होना था। बताया गया है कि विवाह के पहले ही युवक ने युवती से संपर्क किया और मोबाइल पर बातचीत के दौरान नजदीकियां बढ़ाई गई। इसके बाद युवक ने युवती से मिलने की बात की, जिस पर युवती भी तैयार हो गई। घूमने फिरने के बहाने युवती को युवक अपने साथ लेकर गया और उसके साथ गलत काम किया। युवती जब घर पहुंची तो उसने घटना के संबंध में परिजनों को बताया, जिसके बाद थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर आरोपी युवक के माता और पिता का कहना है कि वह शादी के लिए तैयार थे और दहेज की भाई मांग नहीं थी, युवती द्वारा ही युवक को बुलाया गया था। युवती पहले भी दो बार उनके गांव जा चुकी है। माता-पिता का सीधा आरोप है कि युवती उनके बेटे को फंसा रही है।

# चाकूबाजी की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में बीती रात चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। [19] जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक घायल ब्रजबहादुर यादव निवासी देवगांव बीती रात गांव के ही समीप एक दुकान में गया हुआ था। जहां शराब की अवैध बिक्री करने वाले युवक एक दूसरे से झगड़ा कर रहे थे। दो लोगों के बीच विवाद होता देख बृजबहादुर बीचवाचाव करने लगा, तो आरोपियों ने उसके ऊपर ही चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक पर चार बार चाकू से हमला किया। जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। लेकिन आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### भारत सरकार की संयुक्त सचिव ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

# नियत समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारत सरकार की संयुक्त सचिव फरीदा एम नायक ने रीवा, मऊगंज व सतना जिले में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की गत दिवस प्रगति की समीक्षा की। रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव ने निर्देश दिए कि शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना में नियत समय में सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं ताकि हर घर को स्वच्छ जल नल के माध्यम से मिलने लगे।

बैठक में रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि रीवा एवं मऊगंज जिले के 1613 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे। अभी तक योजना में 75 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है। मार्च 2026 तक इस योजना के कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। इसी प्रकार टमस ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में 675 सम्मिलित ग्रामों में लाभ मिलेगा। अभी तक 67 प्रतिशत कार्य पूरा कराया जा चुका है। इंटेक वेल जलशोधन संयंत्र, पाइपलाइन बिछाने व टंकियों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर बताया गया कि रीवा बाणसागर, टमस ग्रामीण समूह योजना तथा कंदैला जल प्रदाय योजना से 2.79 लाख नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि सतना जिले में बाणसागर परियोजना-2 के तहत 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2026 तक इस योजना के कार्य पूर्ण होंगे। संयुक्त सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण पाइपलाइन बिछाई जाए ताकि लीकेज की संभावना न रहे। उन्होंने प्रगति की अद्यतन जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, ग्राम पंचायतों व स्वास्थ्य केन्द्रों में भी पानी पहुंचाने की सुनिश्चितता की जाए। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस सहित महाप्रबंधक जल निगम रीवा चित्रांशु उपाध्याय, महाप्रबंधक सतना, कार्यपालन यंत्री, पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीएचई मैकेनिकल डीके कनेल, जल निगम व पीएचई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा में आरोपियों में बोलेरो को टक्कर मारने के बाद लगाई आग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बसेड़ा के समीप कुछ लोगों ने एक बोलेरो को टक्कर मारते हुए उसे पलटा दिया और फिर उसमें आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक वाहन मालिक बीती रात अपने कुछ दोस्तों के साथ मनगवां कस्बे के समीप एक किलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने हुए थे, जहां से वापस आने के दौरान पार्किंग से बोलेरो निकालते समय एक दूसरे फोर व्हीलर वाहन का साइड ग्लास टूट गया। इसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। बताया गया कि जिस वाहन का साइड ग्लास टूटा था वह शराब कारोबारी का है। इसके बाद फोर व्हीलर वाहन में मौजूद लोगों ने बोलेरो का पीछा कर लिया और ग्राम बसेड़ा के समीप बोलेरो को टक्कर मार दी जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गई। इस दौरान आरोपियों ने बोलेरो में मौजूद लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे डरकर सभी मौके से भाग गए। और आरोपियों ने वाहन को आग लगा दी।

# मैहर में तड़के 4 बजे हुई आगजनी में लाखों का सामान जलकर खाक



## कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम सड़ेरा में एक कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। दुकान के मालिक शिवनारायण गुप्ता बुधवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे।

गुरुवार तड़के करीब 4 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा। उन्होंने तुरंत शिवनारायण को सूचना दी। दुकान मालिक और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

इसके बाद बदेरा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग किस कारण से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।